MYK

सूर्योदय - 06:26
सूर्यास्त - 05:47

अधिकतम तापमान 29.0° न्यूनतम तापमान 19.0°

ओपन SEARCH

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 05 अंक : 80 गुरुग्राम (हरियाणा), ' गुरुवार, 22 अक्तूबर 2026 | हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित | ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ठ : 08

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यों के लिए 399.85 करोड़ की स्वीकृति : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

करनाल में 29.91 करोड़ से बनेगा रेस्ट हाउस, प्रदेश के जलघरों के तल बनाए जाएगें पक्के

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल सुलभ करवाने के लिए जलघर, बुस्टिंग स्टेशन, एवं पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा सभी जलघर एवं बुस्टिंग स्टेशनों के तल आरसीसी किए जा रहे हैं ताकि उनमें पानी का रिसाव न हो सके।

मुख्यमंत्री बुधवार को चण्डीगढ में हाई पावर्ड परचेज कमेटी व हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा, सिंचाई मंत्री श्रीमति श्रुति चौधरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने जनस्वास्थ्य विभाग के लगभग 419.34 करोड़ रुपए के 13 कार्यों को 399.85 करोड रुपए की राशि से निर्माण कार्य करने की स्वीकृति प्रदान की। इन कार्यों से 19.49 करोड़ रुपए की बचत की हुई। इनमें सीआईपीपी माध्यम से सीवर लाईन की सफाई करने के कार्य भी शामिल हैं। इस नवीनतम तकनीक से सीवर लाईन की खुदाई करने की आवश्यकता नहीं होती और चलती हुई लाईन के अन्दर से ही लाईन को दुरूस्त करने का कार्य किया जाता है। रोहतक शहर के गांधी नगर से मेन झज्जर रोड़ तक बड़ी सिवरेज लाईन को स्पायरल लाईनिंग एवं आरसीसी करने के कार्य पर 15.90 करोड़ रुपए तथा अन्य खराब सीवर लाईन को दुरूस्त एवं नवीनीकरण करने के कार्य को 17.25 करोड़ रुपए लागत से किया जाएगा। इसी प्रकार सिहंपुरा में सिवरेज लाईन आरसीसी कार्य पर 16 करोड़ रुपए तथा सुखपुरा चौक रोहतक में सिवरेज लाईन को दुरूस्त करने के कार्य पर 15 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

अम्बाला के शहजादपुर में 48 करोड़ रुपए की लागत से सिवरेज लाईन बिछाने, 3 एमएलडी का एसटीपी बनाने, पेयजल लाईन एवं अन्य कार्य किए जाएगें। इसी प्रकार जगाधरी शहर में 24 करोड़ रुपए की लागत से सिवरेज लाईन का पुर्नउद्धार एवं लाईन बिछाने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा धनौरी में नहर आधारित जल घर के लिए कैनाल का निर्माण करने, 2 एमएलडी एसटीपी का निर्माण करने एवं अन्य कार्यों पर 42.50 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। बैठक में रतिया शहर के मुख्य जल घर टैंक के तल को आरसीसी करने तथा अन्य कार्यों के लिए 31.50 करोड़ रुपए की राशि खर्च करने की मंजूरी दी गई।

पंचकूला में 18.40 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा लोकायुक्त भवन

पंचकूला में लगभग 18.40 करोड़ रुपए की लागत से लोकायुक्त भवन निर्माण तथा अम्बाला में टीबी होस्पीटल का निर्माण 22.80 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार करनाल में रेस्ट हाउस के निर्माण पर 29.91 करोड़ रुपए, चरखी दादरी के गांव पिंचोपा में खेल स्टेडियम 11.60 करोड़ रुपए की लागत किया जाएगा। इसमें सिंथेटिक ट्रेक भी शामिल है। इसके अलावा भालोठ सब ब्रांच में ब्रिज एवं आरसीसी स्ट्रक्चर निर्माण के लिए कार्य की स्वीकृति दी गई। बैठक में चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जीन्द के शैक्षणिक ब्लॉक के निर्माण कार्य की मंजूरी प्रदान की गई। इसके निर्माण पर 54.50 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी। इसके अलावा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 224 बिस्तरों का हॉस्टल बनाने के कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसके निर्माण पर 14.50 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

प्रदेश सरकार बिजली कर्मचारियों के साथ, मजबूती से करेगी पैरवी : मुख्यमंत्री सैनी

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को बिजली आपूर्ति का लाइसेंस मिलने के मामले में हरियाणा सरकार पूरी तरह से बिजली कर्मचारियों के साथ है। सरकार एचईआरसी के इस निर्णय के खिलाफ विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में अपील करेगी तथा इस केस की जोरदार तरीके से पैरवी भी करेगी। इसके लिए सरकार बिजली यूनियनों के विश्वास के वकील हायर कर उनके माध्यम से केस लड़ने को तैयार है। सरकार बिजली कर्मचारियों के खिलाफ नहीं है और बातचीत के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह बात बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर्स संयुक्त संघर्ष मोर्चा की ओर से बुलाई गई तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल से निपटने के लिए प्रशासनिक सचिवों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। सभी जिलों के उपायुक्त ऑनलाईन माध्यम से जुड़े। बैठक में बिजली मंत्री श्री अनिल विज, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी तथा पुलिस महानिदेशक श्री अजय सिंघल भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (एचईआरसी) द्वारा गुरुग्राम व नूंह में निजी कंपनी को बिजली आपूर्ति का निर्णय देने के फैसले का सरकार बिजली यूनियनों के साथ शुरू से ही विरोध कर रही है। सरकार ने बिजली कर्मचारी यूनियनों की मांग के अनुरूप इस मामले के खिलाफ विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में जाने का निर्णय लिया है। सरकार इस मामले में पूरी तरह से बिजली कर्मचारियों के साथ है और कर्मचारियों के लिए बातचीत के दरवाजे हमेशा खुले हैं। उन्होंने बिजली कर्मचारी यूनियनों से कहा है कि यदि वे चाहें तो सरकार इस मामले की पैरवी के लिए उनकी पसंद के वकीलों के माध्यम से यह केस लड़ने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने बिजली यूनियनों से अपील की कि वे जनहित को देखते हुए हड़ताल के निर्णय को स्थगित करें। मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर्स संयुक्त संघर्ष मोर्चा की ओर से बुलाई गई तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल से आमजन को कोई परेशानी न होने दी जाए। सभी विभागों को प्रो-एक्टिव होकर काम करना है और यह ध्यान रखना है कि हड़ताल के चलते कोई अव्यवस्था न फैले तथा किसी भी बिजली संस्थान को कोई नुकसान न होने दिया जाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील उपक्रमों की निगरानी के लिए ड्रोन की व्यवस्था भी की जाए।

त्योहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा निगरानी अभियान तेज करें : आरती सिंह राव

-प्रत्येक जिले में 100-150 सर्विलांस नमूने लेने के निर्देश

ओपन सर्च/ब्यूरो

- कहा , जिला स्तरीय विशेष खाद्य निगरानी दलों का गठन करें
- कहा ,प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने त्योहारी सीजन को देखते हुए राज्य में खाद्य सुरक्षा निगरानी अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खाद्य एवं औषधि प्रशासन को प्रत्येक जिले में खाद्य पदार्थों के 100–150 सर्विलांस नमूने लेने के निर्देश दिए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यभर में खाद्य सुरक्षा निगरानी अभियान को और अधिक सुदृढ़ करने के जो निर्देश दिए हैं उनका मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित, शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मिलावट रहित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है। विशेष रूप से दीपावली एवं छठ पूजा के त्योहारी सीजन के दौरान मिठाइयों, दूध तथा दुग्ध उत्पादों की बढ़ती खपत को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत हरियाणा के सभी उपायुक्तों को पत्र लिखकर कहा गया है कि वे जिला प्रशासन की निगरानी में संबंधित अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के समन्वय से जिला स्तरीय विशेष खाद्य निगरानी दलों का गठन करें। ये दल प्रमुख बाजारों, मिठाई की दुकानों, डेयरियों, दूध विक्रेताओं तथा अन्य खाद्य कारोबार परिसरों में निरीक्षण एवं सर्विलांस सैंपलिंग करेंगे, ताकि घटिया गुणवत्ता वाले, मिलावटी तथा असुरक्षित खाद्य पदार्थों की पहचान की जा सके। जिला स्तरीय विशेष निगरानी दलों को नियमित रूप से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा लिए जाने वाले नमूनों से अलग प्रति जिले 100 से 150 सर्विलांस खाद्य नमूने लेने का लक्ष्य दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य स्वतंत्र निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना, अधिक से अधिक बाजारों को अभियान के दायरे में लाना तथा राज्यभर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान मिठाइयों, दूध, पनीर, खोया, घी तथा अन्य आम उपभोग की खाद्य वस्तुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

डॉ. मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी सर्विलांस नमूने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लिए जाएं, उनका उचित दस्तावेजीकरण किया जाए तथा विश्लेषण के लिए समयबद्ध तरीके से संबंधित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं में भेजा जाए। प्रयोगशालाओं से प्राप्त विश्लेषण रिपोर्टों की नियमित निगरानी की जाएगी तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने वाले खाद्य नमूनों के मामलों में नियमानुसार शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एफडीएमुख्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रयोगशालाओं से प्राप्त विश्लेषण रिपोर्टों के आधार पर घटिया गुणवत्ता वाले एवं असुरक्षित पाए गए खाद्य नमूनों से संबंधित डेटा प्रत्येक सप्ताह विभाग के राज्य पोर्टल पर अपलोड किया जाए। इस व्यवस्था से नमूनों की विश्लेषण रिपोर्टों, जिलेवार प्रगति तथा की गई नियामकीय एवं प्रवर्तन कार्रवाई की व्यवस्थित निगरानी सुनिश्चित होगी। साथ ही, आमजन में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी।

सिंचाई से जुड़ी लंबित समस्याओं का करें प्राथमिकता आधार पर समाधान : श्रुति चौधरी

मंत्री ने की बाढ़ सुरक्षा एवं रखरखाव कार्यों की समीक्षा, भविष्य के लिए बेहतर योजना बनाने के निर्देश

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने आज यहां चरखी दादरी और भिवानी जिलों में सिंचाई से जुड़ी समस्याओं, जारी परियोजनाओं तथा प्रस्तावित विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने और विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री ने एलडब्ल्यूएस एवं वाईडब्ल्यूएस सर्कल, भिवानी के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक में वन संबंधी स्वीकृतियों, पानी की चोरी रोकने, भूमि की अलाइनमेंट (संरेखण) तथा अतिक्रमण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि लंबित स्वीकृतियों और अन्य समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी न हो और परियोजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके। श्रीमती श्रुति चौधरी ने पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गए बाढ़ सुरक्षा एवं रखरखाव कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने इन कार्यों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए भविष्य के लिए बेहतर योजना तैयार करने पर जोर दिया, ताकि बाढ़ सुरक्षा से संबंधित कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन हो और सिंचाई ढांचे का प्रभावी रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में लोहारू, भिवानी, तोशाम, बवानी खेड़ा और बाढड़ा विधानसभा क्षेत्रों में सिंचाई से संबंधित लंबित समस्याओं, चल रही परियोजनाओं तथा प्रस्तावित विकास कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा स्वीकृत एवं चल रही परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सिंचाई मंत्री ने कहा कि सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करना, जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना तथा किसानों को सिंचाई संबंधी समस्याओं से राहत दिलाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजनाओं की नियमित निगरानी करें और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दें।

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने हरियाणा लोक भवन में भव्य गौशाला का किया उद्घाटन, नन्ही गाय का नाम रखा 'गौरी"

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज हरियाणा लोक भवन, चंडीगढ़ में नवनिर्मित भव्य गौशाला का उद्घाटन किया। इस गौशाला में गायों की सुविधा, देखभाल एवं आराम को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर राज्यपाल ने हरियाणा लोक भवन में जन्मी एक नन्ही गाय का नामकरण भी किया। उन्होंने स्नेहपूर्वक उसका नाम 'गौरी' रखा। इस नामकरण के साथ कार्यक्रम का वातावरण आत्मीयता और उल्लास से भर गया। लोक भवन में गौशाला का निर्माण गायों की समुचित देखभाल और उनके लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री विजय कुमार भाविकट्टी, राज्यपाल के परिसहाय स्क्वाड्रन लीडर पी. भरत सहित हरियाणा लोक भवन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

गुरुग्राम-नूंह में बिजली वितरण लाइसेंस के फैसले को हरियाणा सरकार एपीटीईएल में देगी चुनौती

बिजली कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी है सरकार, फैसले पर स्टे लेने का भी करेंगे प्रयास : अनिल विज

ओपन सर्च/ब्यूरो

- बिजली वितरण लाइसेंस के खिलाफ एपीटीईएल के बाद सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे कानूनी लड़ाईर : विज
- "बातचीत से हर समस्या का समाधान संभव, बातचीत के लिए अनिल विज के दरवाजे हमेशा खुले" : विज

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि "किसी भी समस्या का समाधान बातचीत से होता है और बातचीत के लिए अनिल विज अपने हमेशा दरवाजे खुले रखता है"। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुरूग्राम व नूंह में बिजली वितरण के लिए दिए गए लाईसेंस के विरोध में विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में अपील दायर करेगी। यह अपील अगले 5 से 6 दिनों में दायर की जाएगी जबकि अपील करने के लिए 45 दिनों का समय होता है।

उन्होंने कहा कि इस फैसले के विरोध में हम स्टे लेने की कोशिश भी करेगी क्योंकि हम पूरी तरह से कर्मचारियों के साथ हैं। श्री विज आज यहां चण्डीगढ में मीडिया कर्मियों द्वारा गुरूग्राम व नूंह में बिजली वितरण के लिए दिए गए लाईसेंस के विरोध में हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा की प्रस्तावित हडताल के संबंध में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि "हरियाणा बिजली नियामक आयोग (एचईआरसी) एक स्वायत संस्था हैं, जोकि केन्द्रीय सरकार के बिजली कानून के तहत गठित की गई है। उन्होंने कहा कि एचईआरसी में कोई भी व्यक्ति जाकर अपना आवेदन दर्ज करवा सकता है।

श्री विज ने स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार ने इस संबंध में आवेदन आमंत्रित नहीं किया कि हम निजीकरण करना चाहते हैं, कि आवेदन किया जाए। हमने किसी से भी कोई आवेदन नहीं मांगा है। लेकिन केन्द्रीय एक्ट के तहत प्रावधान है कि कोई भी निजीकरण लाईसेंस के लिए एचईआरसी में आवेदन कर सकता है। यदि किसी ने आवेदन किया है तो बिजली वितरण के लिए लाईसेंस दिया गया है जबकि हम उससे सहमत नहीं है और सरकार ने इसका डटकर इसका विरोध किया है"। उन्होंने कहा कि "मेरे विभाग ने पूरी मेहनत की है और हमने अच्छे वकील भी इसके लिए लगाए हैं और डटकर इसका विरोध किया है। अब एचईआरसी ने हमारे विरोध में फैसला कर दिया है तो अब सरकार एपीटीईएल में जाएंगी और अपील करेंगी। श्री विज ने जोर देकर कहा कि इस फैसले के विरोध में हमारी कोशिश स्टे लेने की भी रहेगी"। श्री विज ने बताया कि इसके विरोध में एपीटीईएल में अपील करने के लिए 45 दिनों का प्रावधान है लेकिन मैंने विभाग को निर्देश दिए है कि 5 या 6 दिनों के अंदर-अंदर ये अपील दाखिल हो जानी चाहिए। इसके अलावा, एचईआरसी ने ये गलत आदेश दिया है, इसके खिलाफ हम स्टे लेने की कोशिश करेंगें।

श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा श्री इंद्रेश उपाध्याय की वाणी से जीवंत हो उठता है भगवान श्रीकृष्ण का गीता संदेश

- श्रीमद्भागवत कथा मन को शांति, आत्मा को शक्ति और जीवन को नई दिशा देती है, मुख्यमंत्री

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री इंद्रेश उपाध्याय की वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनकर ऐसा अनुभव होता है, मानो हम लगभग 5,160 वर्ष पूर्व उस काल में पहुंच गए हों, जब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। उनकी वाणी से प्रवाहित भक्ति और ज्ञान की अमृत वर्षा श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के संदेश से जोड़ती है।

मुख्यमंत्री बुधवार को सेक्टर 34 चंडीगढ़ मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री इंद्रेश उपाध्याय से कथा सुनने की उनकी भी इच्छा थी। इस पावन आयोजन में पहुंचकर उन्हें मन की शांति, आत्मिक शक्ति और जीवन को नई दिशा देने वाले संदेश की अनुभूति हुई है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जीवन की सबसे बड़ी सफलता केवल धनवान बनना नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों वाला इंसान बनना है। महंगी गाड़ियों और अन्य भौतिक सुख-सुविधाओं के बावजूद कई बार घरों में शांति का अभाव रहता है। श्रीमद्भागवत कथा हमें संस्कारों और जीवन के वास्तविक मूल्यों का महत्व समझाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों और कथावाचकों ने सनातन संस्कृति की समृद्ध परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री इंद्रेश उपाध्याय जैसे कथावाचक अपनी वाणी से इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। कुरुक्षेत्र की पावन भूमि का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के लिए यह गौरव का विषय है कि भगवान श्रीकृष्ण ने यहां मोहग्रस्त अर्जुन को गीता का अमर संदेश दिया।

24 घंटे में 12,788 चालान, बिना नंबर प्लेट के 156 वाहन इंपाउंड

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर गुरुग्राम यातायात पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। 20 अक्टूबर को पुलिस ने 24 घंटे के दौरान 12,788 चालान काटे, जबकि बिना नंबर प्लेट चल रहे 156 वाहनों को इंपाउंड किया। कार्रवाई के दौरान गलत पार्किंग और रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वालों पर विशेष शिकंजा कसा गया। यातायात पुलिस के अनुसार, एक दिन में गलत पार्किंग के 3,033, गलत दिशा में वाहन चलाने के 810 और अनुचित लेन परिवर्तन के 697 चालान किए गए। गलत दिशा में ड्राइविंग से आमने-सामने की टक्कर का खतरा बढ़ता है, जबकि गलत पार्किंग और लेन बदलने से यातायात बाधित होता है। पुलिस तकनीक आधारित निगरानी और सडक़ पर तैनात कर्मियों के माध्यम से नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजर रख रही है। साथ ही ऑटो, टैक्सी, ई-रिक्शा और भारी वाहन चालकों को निर्धारित लेन में चलने, सही जगह पार्किंग करने और गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

54 चालान लंबित व 1.13 लाख जुर्माना होने पर बाइक इंपाउंड

यातायात नियमों की अनदेखी करना एक मोटरसाइकिल चालक को भारी पड़ा। पास्को रेड लाइट पर जांच के दौरान बाइक के खिलाफ 54 चालान लंबित मिले। इन पर कुल 1,13,500 रुपये का जुर्माना बकाया था। यातायात पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल को इंपाउंड कर निर्धारित पार्किंग में खड़ा करा दिया। यातायात पुलिस के अनुसार, बुधवार को पास्को रेड लाइट पर जोनल अधिकारी एएसआई रामकिशन वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान बाइक के रिकॉर्ड की जांच में 54 लंबित चालान सामने आए। बकाया जुर्माने की राशि 1.13 लाख रुपये से अधिक होने पर बाइक को इंपाउंड कर दिया गया। गुरुग्राम यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने लंबित चालानों की जांच कर समय पर भुगतान करें, वाहन के दस्तावेज वैध रखें और यातायात नियमों का पालन करें।

थार की टक्कर लगने से खड़े टैम्पो से टकराई स्कूटी, स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के डीएलएफ फेस-3 में गत मंगलवार को गोल्ड सूक में काम करने वाले एक युवक की स्कूटी को एक महिला थार चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी स्कूटी खड़े लोडिंग टैम्पो से टकरा गई। इस हादसे में स्कूटी सवार की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं थार चालक अज्ञात महिला व लोडिंग टैम्पो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीएलएफ-फेस-3 थाना पुलिस को दी शिकायत में विकास निवासी बसंत विहार दिल्ली ने बताया कि उसका बड़ा भाई आकाश सिंह पिछले कई साल से साइन ज्वेलरी प्राइवेट लिमिटेड गोल्ड सूक मॉल सेक्टर-43 गुरुग्राम में कार्यरत था। वह रोजाना स्कूटी से घर आना-जाना करता था। गत मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अपनली स्कूल से ड्यूटी के लिए गया था। रास्ते में रैपिड मेट्रो फेस-2 डीएलएफ की तरफ से राघवेंद्र मार्ग से अंडरपास में घुसा तो पीछे से एक महिला थार चालक ने आकाश की स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी समेत आकाश लोडिंग टैंपो से टकरा गया। इस हादसे में आकाश की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।

द्वारका एक्सप्रेसवे पर क्रेशर से भरा ट्रक पलटा, चालक की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर 37 थाना क्षेत्र में 20 अक्तूबर की देर रात करीब 12 बजे द्वारका एकसप्रेसवे पर चढ़ते समय रोड़ी-बजरी से भरा ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस हादसे में ट्राला चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। हादसे में कोई अन्य वाहन क्षतिग्रस्त नहीं हुआ। मृतक की पहचान मथुरा (उत्तर प्रदेश) के तरौली शुमाली गांव निवासी दिनेश कुमार (40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करते थे और जयपुर की तरफ से रोड़ी-बजरी से भरा ट्राला लेकर दिल्ली की ओर जा रहे थे। द्वारका एक्सप्रेसवे पर चढ़ने के दौरान क्लोवरलीफ पर उनका ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रॉला को द्वारका एक्सप्रेसवे से हटाया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि द्वारका एक्सप्रेसवे पर अंनियंत्रित होकर ट्रॉला पलट गया था। इस हादसे में चालक की मौत हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की घटना के कारण पता लगाया जा रहा है।

बजघेड़ा रोड पर हिट एंड रन, साइकिल सवार माली की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। बजघेड़ा रोड पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार माली की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के गांव पदमपुर निवासी शिवलाल गुरुग्राम के बजघेड़ा गांव में किराये पर रहता था और माली का काम करता था। वह अपने साले रामबहोरे के साथ साइकिल से काम पर जा रहा था। दोनों अपनी-अपनी साइकिल से टाटा गेटवे टावर, सेक्टर-114 की तरफ जा रहे थे। बजघेड़ा रोड पर पीछे से आई सफेद रंग की कार ने शिवलाल की साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही शिवलाल सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि कार चालक घायल को संभालने के बजाय वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शिवलाल को सेक्टर-10 स्थित सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रामबहोरे की शिकायत पर बजघेड़ा थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 106 और 281 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मामले में जांच अधिकारी एएसआई सुमित ने कहा कि पुलिस फरार चालक की पहचान कर उसे पकडऩे के प्रयास में जुटी है।

पुलिस शहीदी दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, परिजनों को किया सम्मानित

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पुलिस शहीदी दिवस पर बुधवार को गुरुग्राम पुलिस लाइन में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस आयुक्त शिवास कविराज ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को नमन किया। कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित करने के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों और मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त शिवास कविराज ने कहा कि शहीद पुलिसकर्मियों का साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने नागरिकों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और देश की एकता-अखंडता बनाए रखने के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। हरियाणा राज्य के गठन से अब तक हरियाणा पुलिस के 88 जवान कर्तव्य निभाते हुए बलिदान दे चुके हैं। वहीं, 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक देशभर में 154 पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया, जिनमें हरियाणा पुलिस के चार जवान शामिल हैं। डीसीपी मुख्यालय अंशु सिंगला ने सभी 154 शहीद पुलिसकर्मियों के नाम पढक़र उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शहीद उपनिरीक्षक ओमप्रकाश, निवासी गांव लोकरी, और ई/एएसआई राजेंद्र, निवासी गांव धनकोट, के परिजनों को सम्मानित किया गया। पुलिस शहीद फाउंडेशन और आरडब्ल्यूए पुलिस लाइन की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिसकर्मियों तथा 10वीं और 12वीं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों के 15 बच्चों को भी सम्मान दिया गया।

त्योहारों के दौरान बिजली संकट की आशंका, 22 अक्टूबर से तीन दिन की हड़ताल पर जाएंगे बिजली कर्मचारी, विरोध में लाइसेंस की प्रतियां जलाई

गुरुग्राम और नूंह में समानांतर विद्युत वितरण लाइसेंस देने के विरोध में कर्मचारियों का आंदोलन, मांगें नहीं मानी गईं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। आगामी त्योहारों के दौरान गुरुग्राम व नूंह जिले के लोगों को बिजली संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सरकार की ओर से 11 पॉवर प्राइवेट लिमिटेड नामक निजी कंपनी को 25 वर्षों के लिए समानांतर विद्युत वितरण लाइसेंस देने के प्रस्ताव के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। इसके तहत कर्मचारी 22 अक्टूबर से तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। ऐसे में हड़ताल के दौरान यदि किसी क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बाधित होती है या कोई तकनीकी खराबी आती है, तो उसे दूर करने में देरी होने की आशंका है। वहीं इस लाइसेंस के जारी होने के विरोध में आज रात्रि से पूरे हरियाणा समेत गुरुग्राम जिले में भी हजारों की संख्या में बिजली के कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल पर जाएंगे। विरोध स्वरूप आज सभी कार्यालयों पर कर्मचारियों ने समानांतर लाइसेंस की प्रतियां जलाई। हड़ताल की तैयारी के लिए बुधवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने पूरे गुरुग्राम जिले में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान गुरुग्राम, सोहना, सबअर्बन, पटौदी, हेली मंडी, फरुखनगर, मानेसर आदि सब यूनिटों, यूनिटों और सर्कल कार्यालयों तथा सभी सब स्टेशनों एवं शिकायत केंद्रों पर कर्मचारी नेताओं ने दौरा किया। निजीकरण के खिलाफ हो रही इस हड़ताल में कर्मचारियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुग्राम और नूंह जिलों में निजी कंपनी 11 पावर को 25 वर्षों के लिए समानांतर विद्युत वितरण लाइसेंस देने के निर्णय के विरोध में बिजली कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार के इस कदम से सरकारी विद्युत वितरण व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी के विरोध में प्रदेशभर के बिजली कर्मचारी आंदोलन को तेज करने की तैयारी कर रहे हैं।

निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों का आक्रोश

बिजली कर्मचारियों का आरोप है कि लाभ कमाने वाले विद्युत विभाग को निजी हाथों में सौंपने की दिशा में उठाया जा रहा यह कदम सरकारी बिजली व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश है। उनका कहना है कि समानांतर वितरण लाइसेंस दिए जाने से सरकारी बिजली वितरण व्यवस्था और कर्मचारियों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। कर्मचारियों ने इस निर्णय को जनहित और कर्मचारी हितों के विरुद्ध बताते हुए सरकार से इसे वापस लेने की मांग की है। वहीं कर्मचारियों के अनुसार, 22 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक तीन दिनों का आंदोलन प्रस्तावित है। यदि सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नहीं किया और लाइसेंस देने के फैसले को वापस नहीं लिया, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता भी अपना सकते हैं।

गुरुग्राम में तेजी से बढ़ रही बिजली की खपत

गुरुग्राम व नूंह जिला की बिजली सप्लाई को हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) ने 19 अक्टूबर को निजी कंपनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को 25 साल के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस दे दिया है। ऐसे में आज से बिजली निगम के कर्मचारी तीन दिन की हड़ताल पर जा रहे हैं। बुधवार को सर्कल-2 गुरुग्राम के एसई ने कहा कि फिलहाल हड़ताल के दौरान किसी तरह की समस्या ना हो, इसके लिए बैठकें चल रही हैं। ओल्ड व न्यू गुरुग्राम में तेजी से बिजली खपत बढ़ रही है। हाल ही में मानेसर और सोहना जैसे क्षेत्रों में भी बिजली की खपत बढ़ी है। अनुमान है कि गुरुग्राम और नूंह के लाइसेंस क्षेत्र में सालाना बिजली बिक्री 2024-25 के 12,220 मिलियन यूनिट से बढ़कर 2030-31 तक 18,224 मिलियन यूनिट हो जाएगी।

किसानों की लाशों पर बिछेंगी बिजली की लाइनें: रतन मान

हरियाणा की बिजली व्यवस्था को बेचने का सबसे बड़ा आदेश जारी हो गया है। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को गुरुग्राम और नूंह जिले में 25 साल तक बिजली बांटने का समानांतर लाइसेंस दे दिया है। कागजों में कहा जा रहा है कि जनता को विकल्प मिलेगा। जमीन पर सच्चाई यह है कि 8.3 लाख परिवारों की किस्मत एक प्राइवेट कंपनी के हाथ में सौंप दी गई है। इस फैसले ने पूरे प्रदेश में आग लगा दी है। भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रत्तन मान ने इसे आजाद भारत के बाद बिजली क्षेत्र का सबसे बड़ा विश्वासघात बताया है। रत्तन मान ने कहा कि सरकार कह रही है 4717 करोड़ का निवेश आएगा।

बेटी की ससुराल में बुजुर्ग महिला की मौत, धक्का देकर गिराने का आरोप

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- बेटी की शिकायत लेकर पार्षद साहिल के घर पहुंची थी महिला, कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में जुटे सैकड़ों लोग, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन

गुरुग्राम। गांव रायपुर में बेटी की ससुराल में एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के परिजनों ने बेटी के ससुराल पक्ष की महिलाओं पर मारपीट करने और धक्का देकर जमीन पर गिराने का आरोप लगाया है। वहीं, मृतका की बेटी के जेठ एवं पार्षद साहिल का कहना है कि महिला की मौत हृदयाघात से हुई है। घटना के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। कार्रवाई की मांग को लेकर सैकड़ों लोग सोहना सिटी थाने पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद मृतका के शव को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया गया। वीरवार को महिला का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतका रहीशन के पति आसफ हुसैन ने बताया कि उनकी बेटी को काफी समय से ससुराल में परेशान किया जा रहा था। इसी संबंध में उनकी पत्नी रहीशन बेटी की शिकायत लेकर पार्षद साहिल के घर पहुंची थी। आरोप है कि वहां मौजूद महिलाओं ने रहीशन के साथ मारपीट की और उसे धक्का दे दिया। इससे वह जमीन पर गिर गई और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाने में जुटे सैकड़ों लोग, कार्रवाई की मांग: महिला की मौत की सूचना मिलने के बाद परिजन और अन्य लोग सोहना सिटी थाने पहुंच गए। लोगों ने मामले में निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। थाने में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। परिजनों का आरोप है कि महिला अपनी बेटी की परेशानी दूर करने के लिए उसके ससुराल पहुंची थी, लेकिन वहां उसके साथ कथित तौर पर मारपीट की गई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा मौत का कारण: मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी मुकेश यादव ने परिजनों को आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद महिला के शव को सोहना के नागरिक अस्पताल में रखवाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है। फिलहाल मौत के कारणों को लेकर दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे सामने आए हैं। पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

सेक्टर-16 बूस्टिंग स्टेशन पर अपग्रेडेशन कार्य के चलते गुरुग्राम के कई क्षेत्रों में प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- 23 अक्टूबर सुबह 10 बजे से 24 अक्टूबर शाम 6 बजे तक रहेगा शटडाउन, नागरिकों से पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील

गुरुग्राम। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा सेक्टर-16 स्थित बूस्टिंग स्टेशन पर नए पंप हाउस के निर्माण के लिए अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते मास्टर वाटर सप्लाई सिस्टम को निर्धारित अवधि के लिए बंद रखना होगा, जिससे शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

यह शटडाउन 23 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शुरू होकर 24 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक रहेगा। इस दौरान प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों से पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने और असुविधा से बचने के लिए पहले से आवश्यक व्यवस्था करने की अपील की गई है। प्रभावित क्षेत्रों में गांव बसई, कादीपुर, सरहौल, चकरपुर, नाथूपुर, सिकंदरपुर, सुखराली और गौशाला बूस्टर; सेक्टर-34, 37, सिविल लाइंस और हंस एन्क्लेव; सेक्टर-10ए; सेक्टर-14, 15, 16, 17 और 18; सेक्टर-27, 28, 29, 30, 31 और 32; सेक्टर-38, 39, 40, 41 और 43; सेक्टर-45 और 46 के कुछ हिस्से; डीएलएफ फेज-1 से 4; साइबर सिटी; उद्योग विहार फेज-1 से 5; साउथ सिटी-1, सुशांत लोक-1 और एमजी रोड शामिल हैं। जीएमडीए ने प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों से 22 से 24 अक्टूबर तक पानी का सोच-समझकर उपयोग करने तथा शटडाउन के दौरान घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था पहले से करने का आग्रह किया है।

महिपालपुर के नजदीक फ्लाईओवर की रिपेयर के कारण गुरुग्राम का ट्रैफिक किया डायवर्ट

दिल्ली जाने वाले वाहन चालकों को वैकिल्पिक रूट से से जाने की अपील

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने बुधवार शाम को एक ट्रैफिक डायवर्जन अपडेट किया है। दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को पूरी तरह डायवर्ट कर दिया है। इस डायवर्जन का कारण दिल्ली के राव तुलाराम फ्लाइओवर पर चल रहे रिपेयर के काम के कारण किया है। वाहन चालकों को दिल्ली में जाने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने अलग-अलग रूट का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया है। ऐसे में गुरुग्राम से दिल्ली, वसंत विहार की ओर जाने वाले वाहनों को धौलाकुआं की ओर डायवर्ट किया है। इसके अलावा दिल्ली जयपुर हाईवे (एनएच-48) से केएमपी के लिए वाहनों को डायवर्ट किया है। इसके अलावा एनएच-48 से नरसिंहपुर क्लोवरलीफ के रास्ते द्वारका एक्सप्रेसवे-यूईआर-2 के रास्ते दिल्ली जाने की अपील की गई है। वहीं एनएच-48 से नरसिंहपुर क्लोवर लीफ से एसपीआर रोड, घाटा टी-प्वाइंट, ग्वालपहाड़ी, मांडी बॉर्डर के रास्ते दिल्ली जाने की अपील की गई है। साथ ही इफको चौक से एमजी रोड होकर आया नगर बॉर्डर व बंधवाड़ी टोल से आगे डेरा होते ही दिल्ली में एंट्री की अपील की गई है।

इसके अलावा राजीव चौक से सोहना रोड होते हुए बल्लभगढ़ के रास्ते बदरपुर बॉर्डर से भी दिल्ली में जाने की अपील की गई है। यही नहीं रजौकरी फ्लाईओवर से आगे यूईआर-2 के रास्ते दिल्ली में जाने व उद्योग विहार यूईआर-2 के रास्ते दिल्ली जाने की अपील वाहन चालकों से की गइ्र है। केवल एयरपोर्ट जाने वाले यात्री वाहन एनएच-48 के रास्ते महिपालपुर जाने वाले सडक मार्ग का प्रयोग करें अन्य महिपालपुर की ओऱ जाने वाले वाहन चालक उपरोक्त दर्शाये गए मार्गो का प्रयोग करते हुए अपने गंतव्य स्थान की ओऱ समय से पहुचें। वाहन चालक निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करें। असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं। यातायात पुलिस गुरुग्राम सदैव आपकी सेवा, सुरक्षा और सहयोग में तत्पर है।

रेपो रेट बढ़ने से छोटी इंडस्ट्री की बढ़ेगी लागत, निवेश व रोजगार पर पड़ सकता है असर : दीपक मैनी

पीएफटीआई ने जताई चिंता, एमएसएमई के लिए 2 फीसदी ब्याज सब्सिडी और वर्किंग कैपिटल में राहत की मांग

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। बैंक से मिलने वाला कर्ज महंगा हुआ तो छोटी इंडस्ट्री के लिए कारोबार चलाना और उसका विस्तार करना मुश्किल हो सकता है। ब्याज पर बढ़ने वाला खर्च उद्योगों के मुनाफे को घटाएगा, वहीं नई मशीनरी खरीदने, उत्पादन क्षमता बढ़ाने और कर्मचारियों की भर्ती की योजनाओं पर भी असर पड़ सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी के फैसले पर प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) ने चिंता जताई है। संगठन ने सरकार और आरबीआई से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को वित्तीय राहत देने की मांग की है। पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी ने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जा सकती है, लेकिन इसका दबाव छोटी औद्योगिक इकाइयों पर अधिक पड़ता है। बड़े उद्योगों के पास पूंजी जुटाने के कई विकल्प होते हैं, जबकि छोटी इकाइयां रोजमर्रा के कारोबार और कच्चा माल खरीदने के लिए काफी हद तक बैंक कर्ज पर निर्भर रहती हैं।

ब्याज बढ़ा तो घटेगा मुनाफा, महंगा हो सकता है उत्पादन

रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी का असर उन कर्जों पर पड़ सकता है, जिनकी ब्याज दर इससे जुड़ी है। ऐसे ऋणों पर ब्याज भुगतान बढ़ने से उद्योगों का मासिक खर्च बढ़ सकता है। हालांकि, सभी कर्जों की ब्याज दर तुरंत नहीं बढ़ती। इसका असर बैंक की दरों और कर्ज की शर्तों पर निर्भर करेगा।

ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने पेश की ईमानदारी और जनसेवा की मिसाल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- डाक विभाग में कार्यरत इंद्रजीत को सुरक्षित लौटाया फोन

गुरुग्राम। ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने ड्यूटी के दौरान ईमानदारी और जनसेवा की मिसाल पेश की। पुलिस आयुक्त कार्यालय के गेट पर मिला मोबाइल फोन पुलिसकर्मियों ने उसके वास्तविक मालिक इंद्रजीत को पहचान की पुष्टि के बाद सुरक्षित लौटा दिया। इंद्रजीत डाक विभाग में कार्यरत हैं।

जानकारी के अनुसार, इंद्रजीत का मोबाइल फोन पुलिस आयुक्त कार्यालय के गेट पर गिर गया था। कुछ समय बाद वह अपना फोन तलाशते हुए वहां पहुंचे। यातायात ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल संजय कुमार, गृह रक्षी राजपाल और गृह रक्षी सुरेंद्र ने फोन को सुरक्षित रखा और मालिक की पहचान सुनिश्चित करने के बाद उसे लौटा दिया। खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर इंद्रजीत ने पुलिसकर्मियों की ईमानदारी और तत्परता की सराहना करते हुए उनका आभार जताया।

सरकारी महिला महाविद्यालय में 26 को लगेगा रोजगार मेला : भाजपा नेता योगी राघव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने बताया कि युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के उददेश्य से 26 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर-चौदह, गुरुग्राम में जिला स्तरीय मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के दौरान 600 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), पॉलिटेक्निक संस्थानों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी कौशल और संबंधित ट्रेड के अनुसार चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी, जिससे युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के बेहतर अवसर मिल सके। उन्होंने अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे अपने बायोडाटा/रिज्यूमे, शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर रोजगार मेले में पहुंचें, ताकि वे कंपनियों की चयन प्रक्रिया में भाग लेकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठा सके।

भाजपा ने 12 साल में गुड़गांव को बर्बाद किया, गिनाने को 12 काम भी नहीं : राज बब्बर

-विधायक हर हाल में अस्पताल बनाने का दावा कर रहे, मंत्री कह रहे नहीं बनने देंगें

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पूर्व सांसद और गुडग़ांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राज बब्बर ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गुडग़ांव को बर्बाद करने के सिवाय कुछ नहीं किया। विकास के नाम पर सिर्फ दावे किए गए और फिर भूल गए। 12 साल के शासन में भाजपा के पास गिनाने के लिए 12 काम भी नहीं हैं। भाजपा आगे दौड़ पीछे छोड़ की नीति पर काम कर रही है, जो जनहित में नहीं है। राज बब्बर बुधवार को कमान सराय स्थित कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर व ग्रामीण अध्यक्ष वर्धन यादव समेत कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद राज बब्बर का भव्य स्वागत किया। पत्रकार वार्ता में पूर्व सांसद राज बब्बर ने कहा कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल के दूसरे साल में हरियाणा बेहाल है। बात करें गुडग़ांव की तो गुडग़ांव हरियाणा को सबसे ज्यादा रेवेन्यू देता है, इसके बावजूद आज बर्बादी के कगार पर खड़ा है। राज बब्बर ने कहा कि 12 साल में भाजपा सरकार गुडग़ांव में एक नया सरकारी अस्पताल नहीं बना पाई, एक नया बस अड्डा नहीं बना पाई। शहर की पहचान बन चुके कूड़े के ढेर, जलभराव, टूटी सडक़ें, ट्रैफिक जाम आज भी जस के तस हैं। गुरुग्राम को मिलेनियम सिटी कहा जाता है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शराब माफिया की तरह काम कर रही है। हर गली-मोहल्ले में शराब के ठेके खोल दिए गए हैं, लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। युवाओं के लिए रोजगार नहीं, महिलाओं के लिए सुरक्षा नहीं।

पूर्व सांसद ने कहा कि गुडग़ांव से सरकार को हजारों करोड़ रुपये का रेवेन्यू मिलता है, लेकिन बदले में शहर को क्या मिला। कूड़े के पहाड़, सीवर का ओवरफ्लो, हर बारिश में जलभराव से डूबता शहर। साइबर सिटी कहे जाने वाले गुडग़ांव में आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है। राज बब्बर ने कहा कि भाजपा सरकार ने गुडग़ांव को केवल विज्ञापनों में स्मार्ट सिटी बनाया है। धरातल पर शहर की हालत बद से बदतर हो गई है। सिविल अस्पताल की हालत खस्ता है, सरकारी स्कूलों में टीचर नहीं हैं, और बस अड्डे का प्रोजेक्ट पिछले कई सालों से सिर्फ कागजों में घूम रहा है। राज बब्बर ने कहा कि जब विपक्ष जनहित के मुद्दे उठाता है तो सरकार एफआईआर दर्ज कर आवाज दबाने का काम करती है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सवाल पूछने की होती है, लेकिन भाजपा सरकार सवालों से भागती है। जनहित की आवाज उठाने वालों पर मुकदमे दर्ज करना सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि गुडग़ांव की जनता अब सब समझ चुकी है। आगे दौड़ पीछे छोड़ की नीति से विकास नहीं होता। विकास के लिए विजन चाहिए, जो भाजपा के पास नहीं है। भाजपा ने सिर्फ गुडग़ांव को बेचने का काम किया है, बसाने का नहीं। राज बब्बर ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गुडग़ांव के विकास के लिए काम किया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर्ल चौधरी, युवा प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया, इंटक प्रदेशाध्यक्ष अमित यादव,महिला राष्ट्रीय सचिव सुनीता सहरावत, एडवोकेट सूबे सिंह यादव, सीमा हुड्डा, हरकेश प्रधान, विकास हुड्डा, राजीव यादव, पंकज मेंहदीरता, ब्लॉक अध्यक्ष अमित कोचर, जसविंदर बिस्ला, मुकेश डागर, दीपक दहिया, सतीश सांगवान, कार्तिक गहलोत, धर्मेंद्र मिश्रा, हरीश कुमार, शैलजा भाटिया, सुनीता तोमर, एससी सेल जिलाध्यक्ष राजकुमार, सुशील सहरावत, मास्टर महेंद्र सैन, अंकित यादव, लोकेश कौशिक, मनोज आहुजा, रमाकांत शर्मा, जगदीश यादव, ओमप्रकाश खरेरा, सुनील चौहान आदि मौजूद रहे।

गुरुग्राम व नूंह क्षेत्र में सरकार की बिजली के निजीकरण की योजना जनविरोधी : पंकज डावर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के निजीकरण के फैसले का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला प्रदेश की जनता को सीधी चोट पहुंचाने वाला है। एक तरफ केंद्र सरकार राजकीय प्रतिष्ठानों को बेच रही है तो दूसरी तरफ हरियाणा की भाजपा सरकार भी उसी राह पर चल पड़ी है। यह आम जनता के साथ धोखा और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने की साजिश है। पंकज डावर ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि बिजली का निजीकरण किसी भी सूरत में हरियाणा की जनता और विपक्ष स्वीकार नहीं करेगा। सरकार की इस सौदेबाजी को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिजली सिस्टम को मजबूत करने के लिए अब तक करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। यह पैसा जनता का पैसा है। क्या सरकार इस पूरे निवेश को बर्बाद करना चाहती है? सरकार ने ग्रिड, सब-स्टेशन, लाइनें और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर पर जो पैसा लगाया है, वह निजीकरण के बाद निजी हाथों में चला जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सिस्टम पर इतना पैसा खर्च हो चुका है और बिजली निगम मुनाफे में आने लगे हैं, तो फिर निजीकरण की जरूरत क्यों पड़ रही है? यह साफ तौर पर पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने का खेल है। पंकज डावर ने कहा कि जो नेता और मंत्री बिजली के निजीकरण को जनता के हित में बता रहे हैं, वे जनता के हितैषी नहीं बल्कि दुश्मन हैं। बिजली आज हर घर की जरूरत है। गरीब, किसान, मजदूर, छोटा दुकानदार सभी बिजली पर निर्भर हैं। निजीकरण होने के बाद बिजली के दाम बढ़ेंगे और इसका सीधा बोझ आम आदमी पर पड़ेगा। पंकज डावर ने कहा कि निजी कंपनियां मुनाफे के लिए काम करेंगी, सेवा के लिए नहीं।

आज सरकारी दर पर जो बिजली मिल रही है, कल वही बिजली निजी कंपनियां कई गुना महंगी बेचेंगी। इससे महंगाई और बढ़ेगी और गरीब आदमी के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लगातार एलआईसी, रेलवे, एयरपोर्ट, बंदरगाह जैसे सरकारी प्रतिष्ठानों को बेच रही है।

पुलिस स्मृति दिवस पर गुरुग्राम में मेगा मेडिकल कैंप एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस शहीद फाउंडेशन, हरियाणा द्वारा जिला पुलिस लाइन, गुरुग्राम में मेगा मेडिकल कैंप एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त श्री सिबास कबिराज, आईपीएस, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम के सहयोग से आयोजित मेडिकल कैंप में **140 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया।** कैंप के आयोजन में आर्टिमिस हॉस्पिटल के जीएम मार्केटिंग श्री फरीद खान एवं उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस आयुक्त श्री सिबास कबिराज ने उत्कृष्ट सेवाओं, कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के लिए **21 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।** वहीं, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले **15 मेधावी बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।* पुलिस आयुक्त श्री सिबास कबिराज ने पुलिसकर्मियों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि पुलिसकर्मी कठिन परिस्थितियों में दिन-रात समाज की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं। उनके स्वास्थ्य, कल्याण एवं मनोबल को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने सम्मानित पुलिसकर्मियों एवं मेधावी बच्चों को बधाई दी। पुलिस शहीद फाउंडेशन, हरियाणा के अध्यक्ष एडवोकेट आर. एल. शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मियों के योगदान का सम्मान करना तथा उनके परिवारों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का ध्यान रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आर्टिमिस हॉस्पिटल के जीएम मार्केटिंग श्री फरीद खान एवं उनकी टीम का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन पुलिस शहीदों के परिवारों के सम्मान, सेवारत पुलिसकर्मियों के कल्याण एवं प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। **कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिसकर्मियों के लिए भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था हरियाणा पुलिस रोटी-पानी बैंक के अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश भारद्वाज द्वारा की गई।** फाउंडेशन ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम से पूर्व पुलिस शहीद फाउंडेशन के सदस्यों ने देश की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन का उद्देश्य पुलिसकर्मियों की सेवाओं का सम्मान करना तथा उनके और उनके परिवारों के स्वास्थ्य, कल्याण एवं मनोबल को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर श्रीमती संगीता कालिया, डीसीपी हेडक्वार्टर डॉ. अंशु सिंगला, सभी जोन के डीसीपी, पुलिस शहीद फाउंडेशन के महासचिव एवं पीएफटीआई के चेयरमैन श्री दीपक मैनी, वाइस चेयरमैन डॉ. एस.पी. अग्रवाल, श्री राजकुमार त्यागी, हु श्री बनवारी लाल शर्मा, पीएफटीआई के जिला अध्यक्ष श्री पी.के. गुप्ता, हरियाणा पुलिस रोटी-पानी बैंक के अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश भारद्वाज, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री हरकेश शर्मा, श्री पुलकित पुलिस, सुश्री कलश शर्मा, श्री रमेश बत्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

भारी वाहनों के कारण लगता है जाम,लोगों ने प्रशासन से की एंट्री पर रेड लाइट लगाने की मांग

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

तरावड़ी। ऐतिहासिक नगरी तरावड़ी में इन दिनों यातायात व्यवस्था कुछ हद तक चरमरा गई है। मुख्य मार्गों जैसे टी प्वाइंट पर काफी लबे समय से रेड लाइट लगाने की मांग की जा रही हैं भारी वाहनों (ट्रकों, ट्रेलरों और कैंटरों) की आवाजाही और यातायात नियमों के अभाव के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस समस्या से आमजन, स्कूली बच्चों और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों कपिल देवेश, अनु, सारिका, विमल और दुकानदारों का कहना है कि शहर के मुख्य चौराहों पर भारी वाहनों के बेतरतीब आवागमन से दिन में कई-कई बार लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है, जिससे लोगों के कीमती समय की बर्बादी होती है। कई बार तो एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन गाड़ियां भी इस जाम में फंस जाती हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। सभी स्थानीय निवासियों जल्द से जल्द इस समस्या को हल करने की रखी मांग।

सड़क पर नियमों की अनदेखी नहीं, जिम्मेदारी से बनेगी सुरक्षित राहः सुरक्षा रथ के जरिए 130 लोगों तक पहुंचा सड़क सुरक्षा का संदेश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता के साथ-साथ नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में सुरक्षा रथ के माध्यम से CRPF चौक, खांडसा चौक एवं सेक्टर-12 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 130 वाहन चालकों एवं अन्य नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान वाहन चालकों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि सड़क पर अनुशासन केवल नियमों की औपचारिक पालना नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी है। निर्धारित लेन में वाहन चलाने, गलत दिशा में ड्राइविंग से बचने तथा सड़क किनारे अनधिकृत पार्किंग न करने के प्रति जागरूक किया गया। विशेष रूप से ऑटो, टैक्सी एवं ई-रिक्शा चालकों को हाईवे पर निर्धारित सर्विस लेन और अन्य सड़कों पर बाईं ओर की लेन का उपयोग करने के निर्देश दिए गए, ताकि यातायात का प्रवाह बाधित न हो और सड़क पर अनावश्यक दबाव की स्थिति पैदा न हो। गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सुरक्षा रथ के माध्यम से वाहन चालकों को समझाया गया कि गलत पार्किंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग और बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने जैसी लापरवाहियां यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने के साथ दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकती हैं। गुरुग्राम यातायात पुलिस का उद्देश्य केवल यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार को दैनिक आदत बनाना भी है।

डीएलएसए के सहयोग से गांव दौला में किसानों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम के सहयोग से सुशांत विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ के लीगल एड क्लिनिक द्वारा गांव दौला, तहसील सोहना में 'किसान सशक्तिकरण एवं चेतना अभियान' आयोजित किया गया। अभियान के तहत किसानों और ग्रामीणों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान, वायु प्रदूषण, मिट्टी की उर्वरता और भूजल संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम की सचिव निशा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए किसानों और ग्रामीण समुदाय की भागीदारी महत्वपूर्ण है। पराली जलाने के बजाय पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाकर वायु प्रदूषण कम करने और मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जुड़कर जन-जागरूकता गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। अभियान के दौरान स्कूल ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से संवाद कर पराली जलाने से वायु की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी।

साथ ही, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, भूजल संरक्षण और पर्यावरण के अनुकूल खेती के महत्व के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में सुशांत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. राकेश रंजन, प्रो-वाइस चांसलर एवं रजिस्ट्रार डॉ. संजीव शर्मा सहित स्कूल ऑफ लॉ के विद्यार्थी और लीगल एड क्लिनिक के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. दीपक मिगलानी और डॉ. मीनाक्षी दहिया ने किया।

जिला स्तरीय मेगा जाब फेयर 26 अक्टूबर को राजकीय महिला महाविद्यालय में

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 26 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर-14, गुरुग्राम में जिला स्तरीय मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम के प्राचार्य रविंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के दौरान 600 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), पॉलिटेक्निक संस्थानों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी कौशल और संबंधित ट्रेड के अनुसार चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी, जिससे युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे अपने बायोडाटा/रिज्यूमे, शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर रोजगार मेले में पहुंचें, ताकि वे कंपनियों की चयन प्रक्रिया में भाग लेकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठा सकें।

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट, निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए किए जा रहे पुख्ता इंतजाम

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। बिजली कर्मचारियों की 22 से 24 अक्टूबर तक प्रस्तावित हड़ताल के मद्देनजर डीसी उत्तम सिंह ने बिजली अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली आपूर्ति सुचारू बनाए रखने और आवश्यक सेवाओं को निर्बाध जारी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने अस्पतालों, जलापूर्ति, मेट्रो जैसी आवश्यक सेवाओं पर विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। डीसी ने कहा कि हड़ताल के दौरान नागरिकों को कम से कम असुविधा हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बता दें कि ऑल इंडिया पावर कॉरपोरेशन तथा बिजली कर्मचारियों की विभिन्न यूनियनों द्वारा 22, 23 और 24 अक्टूबर 2026 को हड़ताल की घोषणा की गई है। हड़ताल में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के बड़ी संख्या में कर्मचारियों तथा विभिन्न कर्मचारी यूनियनों के सदस्यों के शामिल होने की संभावना है। इसके चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। निगम द्वारा बिजली आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बुधवार शाम प्रदेश के सभी डीसी तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर हड़ताल के मद्देनजर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारी यूनियनों की मांगों से संबंधित विषय पर हरियाणा सरकार अपील में जाएगी। उन्होंने कहा कि बातचीत के लिए सरकार के दरवाजे खुले हैं और सरकार कर्मचारियों के साथ है।

बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

डीसी ने बिजली अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर उसे जल्द से जल्द बहाल करने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए।उपभोक्ताओं को कम से कम असुविधा हो और बिजली आपूर्ति यथासंभव सुचारू बनी रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हड़ताल की अवधि के दौरान सतर्क रहने और शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बिजली संबंधी आपात स्थिति में हेल्पलाइन एवं व्हाट्सऐप नंबरों पर करें संपर्क

डीसी उत्तम सिंह ने आमजन से अपील की कि बिजली आपूर्ति बाधित होने या किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के टोल फ्री नंबर 1912 और 18001804334 पर संपर्क करें। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ता व्हाट्सऐप नंबर 8813999708 तथा 9540954768 पर भी बिजली संबंधी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

"सैक्टर-14 ज़ोन-2 के दशहरा उत्सव में बच्चों की रामलीला बनी आकर्षण का केंद्र, समाज को दिया प्रेरणादायक संदेश"

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। सैक्टर-14 ज़ोन-2 में आयोजित दशहरा उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में नन्हे बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक रामलीला आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया और उनकी प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना की। श्री महालक्ष्मी मंदिर के महासचिव एवं रोटरी क्लब ऑफ गुरुग्राम सेंट्रल के प्रेजिडेंट इलेक्ट दिनेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मंच प्रदान करना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देना और मंच पर प्रस्तुति देने के भय को दूर कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बच्चों में अपार प्रतिभा होती है। आवश्यकता केवल उन्हें उचित अवसर, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने की है। मंच मिलने से बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित एडवोकेट कल्याण शर्मा, आर.के. बंकल, सतीश अरोड़ा, हरीश खन्ना, मोहन सुनेजा, मनजीत एवं अशोक टुटेजा ने कहा कि आज के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और डिजिटल युग में, जहां मनोरंजन के अनेक आधुनिक साधन उपलब्ध हैं, वहीं छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रामलीला का मंचन करना अपने आप में सराहनीय और प्रेरणादायक पहल है। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, संस्कारों और मर्यादा के आदर्शों को जीवंत कर दिया। विशेष रूप से रावण-सीता संवाद और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक रावण दहन ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। यह आयोजन बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सैक्टर-14 की गुड लिविंग टीम के राजेश चुग, मोहित गुप्ता, अजय गांधी, अशोक गाबा, संजय सिब्बल, अमित अग्रवाल एवं गिरिराज अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने कहा कि ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कारों से जोड़ना, उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करना भी है।

सैक्टर-14 आरडब्ल्यूए प्रधान विकास वर्मा, उमेश मुदगिल, कपिल बाटला, धर्मेंद्र गुप्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि सैक्टर-14 ज़ोन-2 का यह दशहरा उत्सव बच्चों की प्रतिभा, सामाजिक सहभागिता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के सुंदर संगम के रूप में यादगार बन गया। पूर्व प्रधान आरडब्ल्यूए दिनेश अग्रवाल के अनुसार इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि बच्चों को सही अवसर और प्रोत्साहन देकर न केवल उनकी प्रतिभा को निखारा जा सकता है, बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं से भी जोड़ा जा सकता है।

डीएपी खाद वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी : विपुल गोयल

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

नूंह। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निवारण करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। अधिकारी हों या जनप्रतिनिधि, सभी जनता के प्रति जवाबदेह हैं। यदि किसी व्यक्ति को किसी भी स्तर पर परेशानी होती है तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जो अधिकारी और कर्मचारी शिकायतों का समय पर समाधान करते हैं, उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाएगा। मंत्री विपुल गोयल बुधवार को नूंह में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए परिवादों की सुनवाई कर रहे थे। बैठक में कुल 13 परिवाद रखे गए, जिनमें 11 नए तथा 2 पुराने परिवाद शामिल थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवादों का गंभीरता से निपटारा करने के निर्देश दिए। अधिकांश मामलों में सकारात्मक कार्रवाई की गई, जबकि एक-दो मामलों में आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए निर्णय लंबित रखा गया। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शिकायतकर्ता को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना आवश्यक है। अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को जहां प्रोत्साहित किया जाएगा, वहीं लापरवाही बरतने वालों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों को समय पर डीएपी खाद उपलब्ध करवाने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद किसानों तक खाद पहुंचाने और इसकी कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में यदि किसी वितरक या दुकानदार की छोटी-सी लापरवाही के कारण किसान को खाद प्राप्त करने में परेशानी होती है तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने उपायुक्त अखिल पिलानी को निर्देश दिए कि खाद वितरण व्यवस्था की निगरानी सुनिश्चित करें और किसानों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न होने दें।

बायोमेट्रिक व्यवस्था वाले विभागों की सूची तैयार कर औचक निरीक्षण करें अधिकारी

मंत्री विपुल गोयल ने उपायुक्त अखिल पिलानी को निर्देश दिए कि जिले में जिन-जिन विभागों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू है, उन सभी विभागों की सूची तैयार की जाए। इसके बाद संबंधित कार्यालयों में समय-समय पर औचक निरीक्षण किए जाएं, ताकि कर्मचारियों की उपस्थिति और सरकारी कार्यप्रणाली की प्रभावी निगरानी हो सके। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में जवाबदेही बढ़ाना, लापरवाही पर अंकुश लगाना और आमजन को समय पर बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें। जन शिकायतों का निवारण केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी की बायोमेट्रिक हाजिरी की जांच के उपायुक्त को दिए आदेश

मंत्री विपुल गोयल ने बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति से संबंधित मामले पर जिला उपायुक्त को बायोमेट्रिक हाजिरी की जांच करने के आदेश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के रिकॉर्ड की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

शिकायत पर विभागीय रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई कर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की चेकिंग के आदेश

गांव सिंघलहेड़ी में आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों को राशन वितरण में अनियमितता के आरोपों से संबंधित शिकायत पर महिला एवं बाल विकास विभाग से रिपोर्ट प्राप्त की गई। शिकायतकर्ता आसिफ पुत्र अब्दुल हमीद ने बच्चों के हिस्से का राशन वितरित नहीं किए जाने संबंधी आरोप लगाए थे। मामले में परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, नूंह द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। शिकायत के संबंध में विभागीय रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई गई। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी को जिला के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों की चेकिंग के आदेश दिए गए।

मेवात के बड़कली चौक पर 'वोट बचाओ- देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस का हल्ला-बोल, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का फूंका पुतला

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

नूंह। मेवात की राजधानी कहे जाने वाले बड़कली चौक पर 'वोट बचाओ - देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन कर चुनाव आयोग और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। मेवात जिले के प्रभारी सचिन कुंडू व विधायक मामन खान इंजीनियर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़कली चौक पर विरोध मार्च निकालते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया और इस्तीफे से लेकर गिरफ्तारी तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। इससे पहले फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान इंजीनियर और मेवात कांग्रेस प्रभारी सचिन कुंडू के नेतृत्व में फिरोजपुर झिरका में भी इसी अभियान के तहत जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया था। बड़कली चौक पर हुए प्रदर्शन में दोनों नेताओं के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी सड़कों पर उतरे और चुनाव आयोग व भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान मेवात प्रभारी सचिन कुंडू ने कहा कि चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भाजपा के लिए वोट चोरी कर सरकारें बनवा रहे हैं। देश में भाजपा सरकार गरीबों के हकों पर डाका डाल रही है और लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। वोट चोरी कर देश के कई राज्यों में सरकारें बनाई गईं, केंद्र में भी वोट चोरी से सत्ता हासिल की गई। कुंडू ने कहा कि बिहार, बंगाल सहित कई राज्यों में वोट चोरी कर सरकार बनाने के मामले सामने आए हैं, अब भाजपा का पूरा राज जनता के सामने आ चुका है। चुनाव आयोग और भाजपा की सांठगांठ से पूरी प्लानिंग के तहत यह खेल खेला गया है।

ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा और गिरफ्तारी तक चलेगा आंदोलन। **मामन खान** फिरोजपुर झिरका विधायक मामन खान ने कहा कि मेवात में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। पूरा कांग्रेस जन आज चुनाव आयुक्त का इस्तीफा मांग रहा है। जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देंगे और उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक कांग्रेस का प्रदर्शन पूरे देश में इसी तरह चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब पीछे हटने वाली नहीं है। ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। देश की जनता वोट चोरी के मामले को पूरी तरह समझ चुकी है कि चुनाव आयोग और भाजपा मिलकर किस तरह जनता के हकों को छीन रहे हैं।

***1 नवंबर को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की महा-रैली, मेवात से जाएंगे हजारों लोग:** विधायक मामन खान ने ऐलान किया कि एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट चोर गद्दी छोड़' कार्यक्रम के तहत इंडिया गठबंधन की विशाल जनसभा होने जा रही है, जिसमें लाखों लोग पहुंचेंगे। मेवात से भी इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों के पहुंचने की पूरी संभावना है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहीदा खान, नगीना ब्लॉक अध्यक्ष रजाक खान, पिनगवां ब्लॉक अध्यक्ष मुबारक मलिक, फिरोजपुर झिरका ब्लॉक अध्यक्ष साकिर सरपंच मोहाली, पुनहाना ब्लॉक अध्यक्ष सैफुल्लाह खान, महासचिव हाशिम गंगवानी, साहुन खान एडवोकेट , परवेज नगीना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पटौदी की रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी राजू खान,दिया हिंदू मुस्लिम एकता और भाईचारे का संदेश

ओपन सर्च /नरेश शर्मा

गन्नौर। रामनवमी के अवसर पर पटौदी की श्री गोवर्धन दास रामलीला क्लब होलीका मैदान नजदीक सब्जी मंडी में बतोर मुख्य अतिथि पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता एवं नशा मुक्त पटौदी, नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त युवा मुहिम के संस्थापक राजू खान पटौदी एवं विकास दहिया पटौदी चौकी इंचार्ज शामिल हुए रामलीला कमेटी ने फूल माला पहनाकर एवं पुरुषोत्तम श्री राम का मोमेंटो देकर सम्मानित एवं स्वागत किया इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता राजू खान ने कहा हर वर्ष दशहरे के अवसर पर रावण को जलाते हैं हमारे अंदर पल रही बुराइयों को भी जलाना चाहिए और हमारे बच्चे और युवाओं को नशे और बुरी संगत से दूर रहना चाहिए राम के किरदार से सीख लेते हुए हमें मानवता और इंसानियत पर चलना चाहिए सबसे प्यार से बोलना चाहिए अपने माता-पिता की आज्ञा माननी चाहिए और रिश्तो को अहमियत देनी चाहिए इस मौके पर पटौदी चौकी इंचार्ज विकास दहीया ने कहा हमें रामलीला के हर पात्र से कुछ ना कुछ सीखना चाहिए और राम के द्वारा दी गई शिक्षा को अपनी जिंदगी में उतरना चाहिए बुराई को छोड़कर अच्छाई के रास्ते पर चलना चाहिए इस अवसर पर रामलीला कमेटी के प्रधान नेकीराम, उप प्रधान संजय सैनी, मनोज पार्षद, सुनील उर्फ सुल्ली, लोकेश शर्मा जनोला,मंच संचालक दौलत राम और डॉ. मुरारी लाल सहित हजारों की भीड़ मौजूद रही।

शहीदों का साहस और बलिदान है प्रेरणा स्त्रोत : श्री के.के.राव

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता

करनाल। रैकरूट प्रशिक्षण केन्द्र भौण्डसी के शहीद स्मारक पर एक वर्ष के अन्तराल में 4 अर्धसैनिक बलो और राज्य पुलिस के शहीद जवानो की स्मृति में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके श्री के के राव अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आरटीसी भौण्डसी इस अवसर पर मुख्य मोरनर रहे। श्री के के राव ने इस मौके पर कहा कि पुलिस स्मृति दिवस केवल शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अवसर नही अपितु उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग एवं बलिदान से प्रेरणा लेने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि 1 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2026 तक कुल 154 वीर पुलिस एवं अर्धसैनिक बलो के जवानों ने देश में आन्तरिक सुरक्षा, शांति एवं नागरिकों की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। इस अवसर पर वर्ष हरियाणा के 4 बहादुर पुलिस अधिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति नागरिकों के जीवन को बचाते हुए दी है। SHO (थाना प्रबंधक) चांदहट निरीक्षक जगदीश प्रसाद अन्तरराष्ट्रीय शिल्प मेला सुरजकुण्ड, फरीदाबाद में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे, अचानक एक झूला टूट गया और लोगो के जीवन को संकट उत्पन्न हो गया। ऐसी विषम परिस्थिति में अपनी जान की परवाह किए बिना तत्काल बचाव कार्य में लग गए और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने लगे तभी झूले का हिस्सा टूट कर उन पर गिर गया और निरीक्षक जगदीश प्रसाद शहीद हो गए। दूसरा कालका लुब्रिकेट कम्पनी मुजेसर में लगी भीषण आग में पीएसआई रवि कुमार ने अदम्य साहस का परिचय दिया और नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने लगे। तभी ज्वलनशील पदार्थों से भरे ड्रम में विस्फोट हुआ और पीएसआई रवि कुमार शहीद हो गए। गांव धनकोट जिला गुरुग्राम के रहने वाले वीर सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह जब डायल 112 के माध्यम से मिली सूचना पर तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन को लेकर BSA कॉलेज आलमपुर फरीदाबाद के पीछे पहुंचे तो 30-35 लोग लाठी डंडो और तेजधार हथियारों से लैस होकर आपस में लड़ रहे है। आरोपी पक्ष के कुछ लोग पुलिस कर्मियों के साथ भी हाथापाई करने लगे।

नीलोखेड़ी में दशहरा पर्व की रही धूम, हजारों लोग रावण मेघनाथ कुम्भकर्ण का दहन देखने पहुंचे

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता

नी लो खे ड़ी । राम लीला कमेटी व दशहरा कमेटी द्वारा राम लीला ग्राउंड में दशहरे पर्व व रावण दहन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर के कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। कमेटी की अध्यक्ष पवन कपूर की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर सेवा निवृत तहसील विरेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता दीपक सचदेवा, कर्म सिंह जाम्बा, गुरप्रीत सिंह डांग, बलबीर सिंह मरवाह, अनिल मक्कड़, त्रिलोक खन्ना व नीलोखेड़ी पंजाबी विकास सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुलख राज आहूजा भी मौजूद रहे। नगर व क्षेत्र वासीयों को धन्यवाद करते पवन कपूर, दमन सिंह मरवाह, चन्द्र प्रकाश शर्मा, कपिल बक्शी, मुनीष नारंग, अमित शर्मा, पंकज पाल ने कहा कि इस पर्व को विजय दशमी के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन बुराई पर अच्छाई की जीत हुई थी व श्री राम ने रावण को यमलोक का द्वार दिखाया था, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि जीत अंत में अच्छाई की होती है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े विशाल आयोजन में क्षेत्रवासियों का हमें पूर्ण सहयोग मिला जिसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं।

भाकियू ने बिजली निजीकरण के विरोध में गांव दादुपुर में किया किसान मजदूर महापंचायत का आयोजन, जमकर जताया विरोध

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता

करनाल। भारतीय किसान यूनियन(भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने भाजपा सरकार को निशाने नर लेते हुए कहा कि अगर बिजली क्षेत्र को निजी हाथों को सौपने वाले फैसले को तुरंत वापिस लेने की घोषणा नही की गई तो भाजपा को इसका खामयाजा भूगतने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले को लेकर जनता में भारी रोष पनप रहा है। बुद्धवार को दादुपुर रोडान स्थित मराठा भवन में आयोजित की गई किसान मजदूर महापंचायत में बिजली के निजीकरण किए जाने के विरोध में भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगा कर अपनी आवाज को बुलंद्ध किया। इस मौके पर प्रदेश सरकार की और से जारी किए गए नोटिफिकेशन की प्रतियों की होली भी जलाई गई। महापंचायत का संचालन प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान ने किया। भाकियू के वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर व कोर कमेटी के चेयरमैन यशपाल राणा विशेष तौर पर मौजूद थे। गांव खेड़ीनरू, घौघड़ी पुर, कतलाहेडी, शाहपुर, औगंद व दादुपुर के किसानों ने महापंचायत में शिकत की। रतनमान ने कहा कि बिजली महकमा किसान मजदूरों के पैसों से खड़ा किया गया है। इसलिए इस महकमें पर प्राईवेट कंपनियों का किसी भी कीमत पर कब्जा नही होंने दिया जाएगा। मान ने सरकारी दावे को झुठलाते हुए कहा कि सरकार दावा कर रही है कि बिजली महकमें को निजी हाथों में देने से उपभोक्ताओं को बड़ा फायदा होगा। यह एकदम सरकार जनता में केवल भ्रम पैदा कर रही है। किसान नेता रतनमान ने अपने संबोधन में ऐलान करते हुए कहा कि बिजली वितरण का प्राईवेट कंपनी को लाईसेंस देने व स्मार्ट मीटर योजना को लागू करने सहित किसानों के खिलाफ एग्री डिस्काम का गठन किए जाने का जोरदार विरोध किया जाएगा। उन्होंने सभी तरह के बिजली उपभोक्ताओं से आंदोलन में शामिल होंने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर भाकियू के पूर्व प्रधान राम सिंह दादुपुर,किसान नेता नफे सिंह तावडे, हिसम सिंह, मेहर सिंह, बाबूराम, शेर सिंह कश्यप, ईशम सिंह, सुरत सिंह सहित काफी संख्या में किसान मजदूर मौजूद थे।

भाकियू दादुपूर कमेटी का किया गठन

गांव दादुपुर में भाकियू कमेटी का किया गठन किया गया। कमेटी में कर्मबीर सिंह, बाबूराम पहलवान, सतपाल, मोहर सिंह, ज्ञानचंद, बालीराम, सुभाष, जसबीर सिंह, जयप्रकाश को शामिल किया गया है।

पुलिस लाइन नूंह में मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस, एसपी डॉ. अर्पित जैन ने शहीदों को किया नमन

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

नूंह। नूंह एसपी डॉ अर्पित जैन ने नूंह पुलिस लाइन में पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि 21 अक्टूबर को पूरे भारत में पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में नूंह पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर मंगलवार को "स्मृति दिवस परेड" का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नूंह एसपी डॉ. अर्पित जैन ने देशभर में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को नमन किया और उनकी शहादत को सैल्यूट किया। नूंह एसपी डॉ. अर्पित जैन ने पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ की एक टुकड़ी ने देश की रक्षा करते हुए चीन के साथ मुठभेड़ में बलिदान दिया था, उसी की याद में हर वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस और पैरामिलिट्री बल हमेशा राष्ट्र की सेवा में लगे रहते हैं और जब भी समाज व राष्ट्र पर संकट आता है तो सबसे आगे बढ़कर पुलिस जवान मोर्चा संभालते हैं। कार्यक्रम में पुलिस स्मृति दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि इस दिवस का इतिहास 67 वर्ष पुराना है।

20 अक्टूबर 1959 को उत्तर-पूर्वी लद्दाख में हॉट-स्प्रिंग के स्थान पर सीआरपीएफ की तृतीय वाहिनी की तैनाती के दौरान लानक ला दर्रे पर गश्ती दल पर चीनी सैनिकों ने घात लगाकर हमला किया था। इस हमले में सीआरपीएफ के 10 बहादुर जवानों ने वीरगति प्राप्त की थी। यह भारत पर पहला चीनी हमला था। तभी से हॉट-स्प्रिंग बलिदान स्थल बना और 1960 में इसे आधिकारिक दर्जा दिया गया। 2012 से इसे देशभर में मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ अर्पित जैन ने बताया कि 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक देश की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा का निर्वहन करते हुए देश के 154 जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। इनमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, राज्य पुलिस और अन्य बलों के जवान शामिल हैं, जिनके नामों को पुलिस स्मृति दिवस की सूची में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया गया है। इसके अलावा आतंकवादी मुठभेड़ों और सार्वजनिक सुरक्षा के दौरान बलिदान देने वाले लगभग 35,000 शहीद जवानों को भी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नूंह जिले के वीर सपूत हरियाणा पुलिस के बहादुर जवान शहीद उमर मोहम्मद निवासी ग्राम सालाहेड़ी जिन्होंने बदमाशों के विरुद्ध मुठभेड़ में अपने प्राणों का बलिदान दिया था, उनके परिवारिक सदस्यों का शहीद स्मारक पर पहुंचने पर पुलिस विभाग जिला नूंह द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में एसपी डॉ. अर्पित जैन ने सभी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की और जवानों को राष्ट्र सेवा का संकल्प दिलाया।

शहीद कृष्ण कुमार की स्मृति में बनेगा भव्य द्वार, विधायक कादियान ने दिए 11 लाख रुपये

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

गन्नौर। देश की सेवा में समर्पित रहे उद्देशीपुर निवासी आईटीबीपी के एएसआई शहीद कृष्ण कुमार की स्मृति को स्थायी पहचान देने के लिए गांव के मुख्य मार्ग पर भव्य शहीद द्वार बनाया जाएगा। बुधवार को सरकारी स्कूल परिसर में आयोजित प्रेरणा दिवस कार्यक्रम में गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने द्वार निर्माण के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहीद कृष्ण कुमार आईटीबीपी की सेकंड बटालियन कुल्लू में तैनात थे। 24 मार्च 2025 को ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया था। उनकी स्मृति में आईटीबीपी की ओर से गांव के सरकारी स्कूल परिसर में शहीद स्मारक बनवाया गया है। प्रेरणा दिवस पर जवानों, ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने शहीद को नमन किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि शहीद कृष्ण कुमार का देशसेवा के प्रति समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। उनके नाम पर बनने वाला शहीद द्वार युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करेगा। शहीदों का सम्मान करना और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर गांव में जनस्वास्थ्य विभाग का ट्यूबवेल जल्द लगवाने और सरकारी स्कूल में नवीनीकरण कार्य कराने का भी भरोसा दिया।

इससे ग्रामीणों को पेयजल सुविधा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में आईटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेंट धनीराम, एएसआई नरेश कुमार, कैप्टन सतबीर सिंह दहिया, एयरमैन नवीन प्रताप त्यागी, एचएफओ विजयपाल त्यागी, लेफ्टिनेंट सोनेश्वर, प्रधान भानाराम, सरपंच आजाद सिंह, स्कूल प्राचार्य सुनीता गहलावत सहित राजबीर सिंह, सतबीर सिंह, भीम सिंह, दीवान सिंह, रामकुंवार, राजेश और प्रदीप कुमार समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बालवाटिका की कक्षाओं को आकर्षक बनाकर खेल-खेल में सिखाएं बच्चों को : अनिल कुमार

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। बालवाटिका कक्षाओं में छोटे बच्चों को खेल-खेल में सीखने के अवसर उपलब्ध करवाने चाहिए। कक्षाओं को सुंदर और आकर्षक बनाकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि वे सहजता और रुचि के साथ नई चीजें सीख सकें। यह बात डाइट पानीपत से आए वरिष्ठ लेक्चरर अनिल कुमार ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, भापरा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) के तहत प्रशिक्षण ले रहे अध्यापकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बालवाटिका की कक्षाओं में बच्चों की आयु और रुचि के अनुसार सीखने का वातावरण तैयार करना जरूरी है। कक्षाओं की दीवारों, दरवाजों और विभिन्न शिक्षण स्थलों पर अक्षर, अंक, चित्र, शब्द, रंग तथा बच्चों की गतिविधियों से संबंधित सामग्री प्रदर्शित की जानी चाहिए। इससे बच्चों को पढ़ने-लिखने और संख्यात्मक ज्ञान की प्रारंभिक समझ विकसित करने में मदद मिलती है। अनिल कुमार ने कहा कि प्रिंट-रिच वातावरण का उद्देश्य बच्चों को पढ़ने, लिखने और संख्या ज्ञान की ओर सहज रूप से आकर्षित करना है। कक्षा में लगाए गए चित्रों और शब्दों के माध्यम से बच्चे अक्षरों एवं शब्दों की पहचान जल्दी करना सीखते हैं। वहीं, अंकों, आकृतियों और गिनती से संबंधित सामग्री बच्चों में बुनियादी संख्यात्मक समझ विकसित करने में सहायक होती है। इस अवसर पर खंड संयोजक बलराज ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों की आयु, रुचि और सीखने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियां करवानी चाहिए। बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों, रंगीन आकृतियों और अन्य रचनात्मक कार्यों को कक्षा में प्रदर्शित करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे सीखने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने भी माना कि बालवाटिका में अनुकूल और आकर्षक वातावरण बच्चों को बिना किसी दबाव के सीखने के लिए प्रेरित करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश समुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और विधायक जगमोहन आनंद ने भी दी विजय दशमी की शुभकामनाएं

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि विजय दशमी का पावन पर्व हमें सत्य, धर्म, मर्यादा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम का जीवन आदर्शों, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा का प्रतीक है। उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर हम समाज में प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता को बढ़ावा दे सकते हैं। उन्होंने यह बात सेक्टर-4 स्थित दशहरा ग्राउंड में श्री रामलीला सभा की ओर से आयोजित 123वें विजय दशमी महोत्सव में सहभागिता के दौरान कही। महापौर ने भगवान श्रीराम के चरणों में नमन करते हुए सभी करनालवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि विजय दशमी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश भी देता है। यह पर्व हमें आत्ममंथन करने और अपने जीवन में सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए प्रत्येक व्यक्ति को समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और सकारात्मक सोच को मजबूत करने में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। सामूहिक रूप से मनाए जाने वाले पर्व समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और आपसी मेलजोल बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने विजय दशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म, त्याग और मर्यादा का अनुपम उदाहरण है। विजय दशमी हमें अन्याय और बुराइयों के विरुद्ध खड़े होने तथा सदैव सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। उन्होंने सभी से भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। विधायक जगमोहन आनंद ने भी उपस्थित श्रद्धालुओं को विजय दशमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विजय दशमी का पर्व भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन मेघा भंडारी, पार्षद संकल्प भंडारी, मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, पार्षद प्रतिनिधि सोनू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। महोत्सव के आयोजन के लिए महापौर ने श्री रामलीला सभा, करनाल के प्रधान कपिल गर्ग, सचिव गौरव गर्ग, मैनेजर अनुज जायसवाल, उपप्रधान उमेश गुप्ता, अजय जैन, राघव धीमान तथा सभा के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी लोगों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में सामाजिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

करनाल में 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

योग दर्शन, गीता और योगाभ्यास में दक्ष होंगे शारीरिक शिक्षा अध्यापक

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

करनाल। राजकीय उच्च विद्यालय, सेक्टर-13, अर्बन एस्टेट, करनाल में बुधवार को 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), शाहपुर, करनाल द्वारा यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग तथा पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है। डाइट प्रभारी एवं जिला नोडल अधिकारी श्री मुनिश कुमार के निर्देशन में संचालित इस शिविर में करनाल और इंद्री खंड के राजकीय विद्यालयों में कार्यरत डीपीई, पीटीआई एवं शारीरिक शिक्षा के स्नातकोत्तर अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य अध्यापकों को योग प्रशिक्षक के रूप में तैयार करना है, ताकि विद्यालयों में नियमित योगाभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम में पहुंचे हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य का डाइट प्रभारी श्री मुनिश कुमार एवं आयोजन टीम ने स्वागत किया। डॉ. आर्य ने श्रीमद्भगवद्गीता में निहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करते हुए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण 15-15 दिनों के दो चरणों में आयोजित होगा। प्रतिदिन प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक कक्षाओं में सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम और ध्यान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पाठ्यक्रम में हठयोग एवं स्वास्थ्य, पतंजलि योगसूत्र, अष्टांग योग, श्रीमद्भगवद्गीता के प्रमुख योग सिद्धांत, विद्यालयों में योग शिक्षण की विधियां तथा योगासन खेलों के नियम शामिल हैं। अभ्यास की सही तकनीक, लाभों और आवश्यक सावधानियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक श्री अमित आर्य और श्री इंदु शेखर योग की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दे रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में श्री अशोक का भी विशेष योगदान रहा। आईएफआईसी सदस्य डॉ. नरेंद्र तथा डाइट की टीम विभिन्न व्यवस्थाओं और गतिविधियों का समन्वय कर रही है। आयुष विभाग से डॉ. अमित पुंज और सुमन संधू का योगदान भी उल्लेखनीय रहा।

बाबा मुक्तेश्वरपुरी गौशाला कोसली की नवगठित कार्यकारिणी ने जिला रजिस्ट्रार प्रवीण यादव से की मुलाकात

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

रेवाड़ी। बाबा मुक्तेश्वरपुरी गौशाला कोसली की नवगठित कार्यकारिणी ने जिला रजिस्ट्रार प्रवीण यादव से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकारिणी के सदस्यों ने गौशाला के संचालन और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चर्चा की। इस अवसर पर जिला रजिस्ट्रार प्रवीण यादव ने कार्यकारिणी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि गौशाला का कार्य सेवा और समर्पण से जुड़ा हुआ है। सभी सदस्यों को ईमानदारी, निष्ठा और आपसी सहयोग के साथ गौशाला की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए।

उन्होंने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी गौशाला के विकास और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए मिलकर कार्य करेगी। इस अवसर पर लंबरदार होशियार सिंह, प्रधान ओम प्रकाश, उपप्रधान तुषार, सह सचिव कृष्ण, खजांची अमित कुमार तथा कार्यकारिणी सदस्य दयावान, सतीश, आशीष सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा के राज में हरियाणा बेहाल, लोकतंत्र पर तानाशाही का प्रहार!

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

करनाल। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी करनाल (शहरी एवं ग्रामीण) की ओर से माल रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी उदय भान सिंह, शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वैद्य तथा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने भाजपा सरकार की नीतियों, जनता की समस्याओं और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर तीखे सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और सरकारी जवाबदेही जैसे मुद्दों पर जनता के सवाल लगातार बढ़ रहे हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ सरकार का रवैया लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जनता की आवाज सुनने के बजाय उसे दबाने की कोशिश किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए उचित नहीं है।

पराग गाबा, अध्यक्ष, शहरी जिला कांग्रेस कमेटी, करनाल ने कहा:

आज देशभर में युवा, किसान, कर्मचारी और आम नागरिक अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार का रवैया लगातार सवालों के घेरे में है। महंगाई से परेशान परिवार राहत मांग रहे हैं, युवा रोजगार मांग रहे हैं और किसान अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आखिर जनता अपनी बात कहने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर क्यों है? लोकतंत्र में सरकार की आलोचना करना और अपनी मांगों के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना जनता का अधिकार है। यदि सवाल पूछने वालों को डराया जाए, प्रदर्शनकारियों को रोका जाए और विरोध की आवाज को दबाने की कोशिश हो, तो इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरे के रूप में देखा जाएगा। हरियाणा में भी जनता महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी नीतियों से जुड़े सवालों के जवाब चाहती है। सरकार को समझना चाहिए कि जनता की आवाज लाठियों और गिरफ्तारियों के डर से नहीं दबाई जा सकती। जिला कांग्रेस कमेटी शहरी करनाल जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए मजबूती से आवाज उठाती रहेगी।"

राजेश वैद्य, अध्यक्ष, ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी, करनाल ने कहा:

गांवों से लेकर शहरों तक किसान, मजदूर, युवा और आम परिवार अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। किसानों को अपनी मेहनत का उचित मूल्य चाहिए, युवाओं को रोजगार चाहिए और हर परिवार को महंगाई से राहत चाहिए। सरकार की जिम्मेदारी जनता को राहत देना है, न कि उसे अपनी आवाज सुनाने के लिए संघर्ष करने देना। देश में विभिन्न मुद्दों पर हो रहे विरोध-प्रदर्शनों को गंभीरता से सुनने की जरूरत है। लोकतंत्र में असहमति को दुश्मनी नहीं समझना चाहिए। जनता के सवालों का जवाब देना सरकार की जिम्मेदारी है और लोगों की समस्याओं का समाधान उसकी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण करनाल गांवों की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी और किसानों, मजदूरों तथा आम नागरिकों के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी।" "आज देश में एक ऐसा माहौल बनता जा रहा है, जहां अपने हक की आवाज उठाने वाले लोगों को ही संघर्ष करना पड़ रहा है। कहीं किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, कहीं कर्मचारी और युवा सरकार से जवाब मांग रहे हैं, तो कहीं आम नागरिक अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। सवाल यह है कि जनता की समस्याओं को सुनने के बजाय सरकार उन्हें रोकने और उनकी आवाज दबाने पर क्यों उतारू है? विपक्ष का काम जनता की आवाज बनना है और कांग्रेस इस जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटेगी। लोकतंत्र में सरकार जनता के प्रति जवाबदेह होती है, जनता सरकार के प्रति नहीं। यदि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को रोकने, डराने या गिरफ्तार करने की घटनाएं सामने आती हैं, तो सरकार को उनका जवाब देना चाहिए।

चुलकाना धाम में दान राशि सवा करोड़ पार, छठे दिन गिने 4.80 लाख रुपये

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। चुलकाना धाम स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर में ग्राम पंचायत की देखरेख में दान राशि की गिनती लगातार छठे दिन भी जारी रही। छठे दिन 4 लाख 80 हजार रुपये की गिनती हुई। अब तक कुल दान राशि 1 करोड़ 29 लाख 59 हजार रुपये तक पहुंच गई है। दान में चांदी की दो अंगूठियां, एक लॉकेट, कनाडा के दो डॉलर और अमेरिका के दो डॉलर भी मिले हैं। रसीदों से 11 लाख 99 हजार रुपये की राशि दर्ज की गई है। सरपंच सतीश छोककर, अमित छोककर, टाला छोक्कर और सोनू शर्मा छदिया ने मंदिर पहुंचकर गिनती का जायजा लिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा से मुलाकात कर मंदिर की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। सरपंच ने बताया कि जल्द ही केंद्रीय मंत्री से मिलकर श्राइन बोर्ड की कार्यकारिणी गठित कराने का प्रयास किया जाएगा। दान राशि की गिनती बीडीपीओ कार्यालय समालखा के अधिकारियों-कर्मचारियों की देखरेख में हुई। इंडियन बैंक की टीम भी मौजूद रही।

मेले में पारदर्शिता पर रहेगा जोर

सरपंच सतीश छोककर ने कहा कि नवंबर में देवउठनी एकादशी और द्वादशी पर विशाल मेला लगेगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने और करोड़ों रुपये का चढ़ावा आने की उम्मीद है। ग्राम पंचायत दान राशि में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने देगी। उन्होंने बताया कि श्राइन बोर्ड के नाम से दान की पर्चियां जारी करने की योजना है। पूर्व समिति की पर्चियों पर रोक लगाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है, जिस पर जल्द कार्रवाई कराने का प्रयास किया जाएगा।

खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास, समान अवसर और समावेशी शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा : डी पी सी धर्मपाल चौधरी

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

करनाल। स्पेशल ओलंपिक भारत, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एवं स्पेशल ओलंपिक भारत के संयुक्त प्रयासों से खेलों पर आधारित हरियाणा के 356 स्पेशल टीचरों का 22 अक्टूबर से 7 नवंबर तक 14 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सुबह 6.30 से सायं 5 बजे तक करण स्टेडियम एवं पी एम श्री स्कूल करनाल में किया जाएगा।किया गया। डीपीसी धर्मपाल चौधरी ने अध्यापकों की ड्यूटी लगाते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में स्पेशल शिक्षकों का थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। धर्मपाल चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ना, उनकी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानना तथा उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं के अनुरूप खेल गतिविधियों की योजना बनाने, खेलों के नियमों की जानकारी देने तथा बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षकों को बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को समझते हुए उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया जाएगा है। इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य विद्यालयों में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है, ताकि प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता के अनुसार खेल गतिविधियों में भाग ले सके। विशेष ओलंपिक भारत का उद्देश्य बौद्धिक दिव्यांगता वाले बच्चों एवं युवाओं को खेलों के माध्यम से अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के अवसर उपलब्ध कराना है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को बच्चों की प्रतिभा पहचानने तथा उन्हें उचित मार्गदर्शन देने में सहायता करते हैं। इस अवसर पर डी पीसी धर्मपाल चौधरी, एपीसी पवन, बीईओ गुरनाम सिंह मंढाण, धर्मवीर, संजीव, प्राचार्य रामकुमार, महेंद्र नरवाल, मीनाक्षी चौधरी, रजनी, दलीप सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, सहदेव, परवीन शर्मा, राजबीर, प्रोग्रामर पवन, ईशा चौधरी, निशा, नीतू, हेमा, तुषार, विकाश, रोशन, अमित आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध को लेकर राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति, ऐसे अपराधों की तुरंत दें सूचना : डीसी

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता



करनाल। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में बच्चों के खिलाफ होने वाले किसी भी प्रकार के अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। बच्चों का यौन शोषण करना या करवाना, यौन उत्पीड़न का प्रयास करना या करवाना और अश्लील सामग्री के लिए बच्चों का उपयोग करना या करवाना लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) (2019 में संशोधित) के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जब यह अपराध बच्चों के संरक्षक, जैसे उनकी देखभाल करने वाली संस्था का कोई व्यक्ति, लोक सेवक, पुलिस बल या शैक्षणिक संस्था के व्यक्ति आदि द्वारा किया जाता है, तो उसे निर्धारित परिस्थितियों में कम-से-कम 20 वर्ष के कारावास या मृत्युदंड तक की सजा दी जा सकती है। इसके अलावा, ऐसी घटनाओं को छिपाना या पुलिस को सूचना न देना भी कानूनन अपराध है, जिसमें 6 माह से 1 वर्ष तक की कैद का कड़ा प्रावधान किया गया है। उन्होंने हरियाणा के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पीड़ितों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार बच्चों को लैंगिक अपराधों से पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ नि:शुल्क मेडिकल सुविधा, परामर्श (काउंसलिंग) और संस्थागत सेवाएं उपलब्ध कराती है, वहीं इस दौरान बच्चे की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी बच्चे के साथ इस प्रकार की घटना की जानकारी मिले, तो उसकी रिपोर्ट तुरंत स्थानीय पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या 112, स्थानीय बाल कल्याण समिति अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई को अवश्य दें। नागरिक इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट http://wcdhry.gov.in/ पर भी संपर्क कर सकते हैं।

डॉ. प्रतीक यादव ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर गांव व अहीरवाल का नाम रोशन किया

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

कोसली। मोहल्ला सदर गली निवासी स्वर्गीय श्री जगरूप यादव के पुत्र प्रतीक यादव ने देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शुमार आइसर (IISER), तिरुपति से कम्प्यूटेशनल न्यूरोसाइंस (बायोलॉजी) विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर पूरे गांव और अहीरवाल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने डॉ. प्रतीक यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ. प्रतीक यादव आरंभ से ही मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थी रहे हैं। वह जेआरएफ (JRF) क्वालीफाइड भी हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उनकी साहित्यिक गतिविधियों में भी विशेष रुचि रही है। वह विद्यालय स्तर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक संस्थान से जुड़ी पत्रिकाओं में छात्र संपादक की भूमिका निभा चुके हैं। उनकी यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और शैक्षणिक प्रतिभा का परिचायक है। डॉ. प्रतीक यादव के पिता स्वर्गीय श्री जगरूप यादव फॉरेन मिशन में चीफ सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त थे, जबकि उनकी माता श्रीमती नूतन यादव गुरुग्राम में अधिवक्ता हैं। उनकी बहन शल्की यादव फ्रांस में वित्त विभाग में डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. प्रतीक यादव, जगपाल गुरुजी के सगे भतीजे हैं। परिवार की इन उपलब्धियों से गांव और क्षेत्र में गर्व का माहौल है। डॉ. प्रतीक यादव की इस उपलब्धि पर सरपंच रामकिशन जांगड़ा, जगपाल गुरुजी, हेडमास्टर सजन सिंह, एडवोकेट जीवन हितेषी जिला पार्षद, विजय आजाद, शक्ति कोसलिया और लखन मास्टर सहित ग्रामीणों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रतीक यादव की सफलता से गांव के युवाओं को शिक्षा और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है।

तुम मुझे यूं जला ना पाओगे... भजन पर मंत्र मुग्ध हुए श्रद्धालु

ओपन सर्च / वेद बहल

झज्जर। सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मन्दिर में 325 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंगलवार का व्रत रख हनुमान जी पूजा अर्चना कर मंगलमय जीवन की कामना की। पंडित पवन कौशिक ने कहा कि मंगलवार के दिन दशहरा होने से भक्तों को एक ही दिन मां दुर्गा और हनुमान जी दोनों की असीम कृपा एक साथ प्राप्त होती हैं। समिति के मनीष मेहता ने बताया कि कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, भारत भूषण नंदा, राजेंद्र वधवा, ताराचंद भूटानी, केवल अरोड़ा, बंटी खत्री, विकास नरुला, ज्योति-अनुज नागपाल, देवेश शर्मा, नारायणी सरदाना, शीला देवी चुघ, विशन वधवा, हिमांशी अरोड़ा, सुमन वधवा, प्रिया तनेजा, वीना वर्मा, सीमा तनेजा, नीलम सुरेश गाबा, डिम्पल जितेंद्र वर्मा, सन्तोष हंस, सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर ताराचंद भूटानी, राजेंद्र वधवा, योगेश रंजन, भारत भूषण ने हनुमान जी के भजनों से गुणगान किया। पंडित पवन कौशिक और योगेश रंजन ने महानवमी व विजय दशमी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। ताराचंद भूटानी ने बिगड़ी मेरी बना ए शेरों वाली मैया...राजेंद्र वधवा ने पूछते है राम हनुमत बता दीजिये किसने कहा था लंका जला दीजिये..योगेश रंजन ने सीता हरना तो एक बहाना, मुझकों दर्शन प्रभु का पाना था..तुम मुझें यु जला ना पाओगे.. ....भजन सुनकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान बाबा चालीसा, हनुमान चालीसा, आरती के उपरांत राजेंद्र वधवा ने विकास नरुला की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर मन्दिर समिति के प्रधान सुधांशु हंस, उपप्रधान पदम् खट्टर, प्रदीप काठपालिया, जय प्रकाश गुप्ता, रमेश लखेरा, निखिल सलूजा, मनोज चुघ सहित अन्य मौजूद रहे।

देश हमें देता है सब कुछ-हम भी तो कुछ देना सीखे : राकेश कुमार सहप्रमुख आरएसएस

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव खाईका स्थित लैनर्स पैराडाईज पब्लिक स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयदशमी पर्व पर आयोजित किए गए शस्त्र पूजन व पथ संचलन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रूप में मौजूद स्वयंसेवकों के बीच बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में जिला सह संपर्क प्रमुख राकेश कुमार ने कहा कि हम सभी को सदैव राष्ट्र हित को सर्वोपरि रख राष्ट्र हित में कार्य करना चाहिए और राष्ट्र विरोधी ताकतों से सचेत रहना चाहिए। उन्होने कहा कि आज एसआईआर की आड़ लेकर कुछ राजनीतिक पार्टियों के नेता बंगलादेश, नेपाल, फ्रांस, वेनेजुएला में हुए तख्तापलट की तर्ज पर अपने देश में भी तख्तापलट की साजिश के तहत अराजकता का माहौल पैदा करने का प्रयास कर रहे है लेकिन हम किसी भी कीमत पर इनके नापाक मंसूबों को हर्गिज कामयाब नही होने देंगे। हमें सदैव देश हमें देता है सब कुछ-हम भी तो कुछ देना सीखे सोच को आगे रखकर कार्य करते हुए राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखना है। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आमंत्रित हस्तियों ने भी राष्ट्र चिंतन काग्रक्रम में बौद्धिक देते हुए अपने विचार रखे।

शहीदों की बदौलत ले रहे खुली हवा में सांस : शिक्षाविद मामराज डागर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को गांव अलीपुर स्थित विद्या निकेतन सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रांगण में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्य नेत्रपाल सिंह ने बताया कि ग्रामपंचायत घामडोज की पूर्व सरपंच व सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन श्रीमती निर्मला चोपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय तथा सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन

चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि रूप में ग्रामपंचायत घामडोज की पूर्व सरपंच व सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन श्रीमती निर्मला चोपड़ा, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया समेत विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

बदलते मौसम में दिल पर पड़ रहा ज्यादा दबाव-हृदय रोगी रहे सतर्क : डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में दमदमा चौक के समीप स्थित एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने बदलते मौसम और बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर लोगों को जागरूक बनाते हुए बताया कि बदल रहा मौसम और प्रदूषण का असर केवल सांसों तक सीमित नही है बल्कि हृदय रोगियों के लिए भी परेशानी का कारण बन रहा है। उन्होने बताया कि बदलते मौसम के बीच सीने में तकलीफ और सांस लेने में परेशानी जैसी शिकायतों को लेकर उनके अस्पताल में आए दिन 10 से 12 रोगी आ रहे है और ऐसे वातावरण में सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को आ रही है, जो पहले से ही हृदय रोग या सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे है क्योकि प्रदूषित हवा के सम्पर्क में रहने और मौसम में बदलाव के कारण ऐसे रोगियों को अपनी सेहत को लेकर बहुत ही ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।



सांस फूलने या सीने में दर्द, असहजता को सामान्य परेशानी समझ कर टालना जोखिम भरा और जानलेवा हो सकता है। इसलिए समय रहते लोगों को सचेत रहने की जरूरत है। एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने बुधवार को यहां पर एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में आयोजित किए गए जागरूकता शिविर में मौजूद लोगों के बीच बोलते हुए बताया कि हृदय रोगियों को नियमित रूप से दवाएं लेने के साथ-साथ चिकित्सक की सलाह का पालन करने में कोताही नही बरतनी चाहिए। प्रदूषण अधिक होने पर बहुत ज्यादा जरूरी होने पर ही मुंह पर मास्क लगाकर घर से बाहर निकलना चाहिए। सांस लेने में परेशानी, सीने में दबाव अथवा असामान्य थकान होने पर योग्य चिकित्सक से परामर्श तुरन्त लेना चाहिए क्योकि जान है तो जहान है और समय पर जागरूक बनने व बचाव से ही जिंदगी बच सकती है।

शहीदों-क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा ले लोग : अनिल गोयल मोंटू

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को शहर में सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह कार्यालय के समीप स्थित अग्रवाल वैश्य समाज कार्यालय में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक व उलेटा-हसनपुर ग्रामसभा सदस्य पंडित अशोक शर्मा ने बताया कि गांव रानीकासिंगोला के रहने वाले चौधरी अजब गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान

न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है। इस मौके पर युवा अग्रवाल नेता भारत बंसल, नीरज जांगडा इंडरिया, युवा अग्रवाल नेता आदित्य गोयल, ललित सैनी, रूपचंद सैनी आदि ने भी शहीदों-क्रांतिकारियों के जीवन से उपस्थितों को अवगत कराया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने शहीदों-क्रांतिकारियों के दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प भी सामूहिक रूप से लिया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार गौवन बनाने पर कर रही विशेष फोकस : विधायक मुकेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। शीश के दानी बाबा खाटूश्याम व महाकाल के परम भक्त और भाजपा विधायक पहलवान मुकेश शर्मा का आज यहां पर भाजपा नेता व नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला के आवास पहुंचने पर पंकज सिंगला और कपड़ा कारोबारी संदीप सिंगला कालू की अगुवाई में सर्व समाज के लोगों ने जोरदार तरीके से शानदार स्वागत किया तो वही इस मौके पर महिला समाजसेविका श्रीमती सुहागवती सिंगला व महिला अग्रवाल समाज की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती लता सिंगला ने विधायक मुकेश शर्मा को श्री लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा स्मृति रूप में भेट की। इस मौके पर गांव बालूदा से बाबा खाटूश्याम परिवार से जुड़े कार्यकर्ताओं ने डाक्टर जयभारत की अगुवाई में बाबा खाटूश्याम की प्रतिमा तो सिख समाज ने सरदार गुरूबचन सिंह की अगुवाई में सिरोपा व कृपाण भेटकर तो श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर कार्यकर्ताओं ने सभा के संरक्षक हरीश नंदा राजू की अगुवाई में मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम की प्रतिमा और अग्रवाल समाज ने नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला की अगुवाई में अग्रवाल समाज की कुल माता लक्ष्मी जी की प्रतिमा और ब्राहमण समाज ने आचार्य लोकेश भारद्वाज की अगुवाई में भगवान परशुराम का चित्र व फरसा तथा महाकाल परिवार की तरफ से कपड़ा कारोबारी संदीप

सिंगला कालू ने त्रिशूल भेट में देकर विधायक मुकेश शर्मा का स्वागत किया। इस मौके पर अपने स्वागत समारोह में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा विधायक पहलवान मुकेश शर्मा ने बताया कि पंकज सिंगला का परिवार उनका अपना परिवार है। इस परिवार से उनके पारिवारिक संबंध दशकों से चले आ रहे है। इस मौके पर बोलते हुए विधायक मुकेश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार सडक़ों पर घूमने वाले बेसहारा गौवंश पालन पर विशेष फोकस कर रही है। उन्होने बताया कि राज्य में पंचायती जमीन के गौचर में दर्ज 10 एकड़ से ज्यादा भूमि वाले स्थानों पर चल रही गौशालाओं को सरकार ने गौवन के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है और खुशी की बात यह है कि इसके लिए सरकार ने भारी-भरकम बजट भी जारी किया है। उन्होने बताया कि राज्य में ऐसा पहला गौवन महेन्द्रगढ़ जिले के गांव भोजावास में 89 एकड़ भूमि पर विकसित करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई है और यहां पर 10 एकड़ जमीन में पहले से ही गौशाला चल रही है तो दूसरा गौवन पलवल जनपद के गांव राजपुराखादर में, तीसरा कैथल के गांव भूना में और चौथा गौवन करनाल जनपद के गांव शामली में विकसित करने का कार्य जोरशोर से चल रहा है। उन्होने बताया कि इसी तर्ज पर गुरूग्राम, सोनीपत, फरीदाबाद, रेवाड़ी समेत सभी जिलों में गौचर वाली भूमि की पहचान कर वहां पर गौवन बनाकर बेसहारा और सडक़ पर छुटटे घूमने वाले गौधन को आश्रय देने का काम सरकार करेगी। भाजपा विधायक पहलवान मुकेश शर्मा ने बताया कि मौजूदा वक्त में राज्य में हरियाणा गौसेवा आयोग से पंजीकृत 708 गौशालाएं चल रही है, जिनमें 50 हजार से ज्यादा गौवंश पल रहा है।

सोहना में धूमधाम से हुआ दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन-विसर्जन से पहले दुर्गा माता ने दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर दमदमा रोड स्थित जीएलएस ग्रुप होम सोसायटी में चल रहे मां दुर्गा महोत्सव का आज सिंदूर खेला के साथ ही समापन हो गया। इससे पूर्व पूरे विधि-विधानपूर्वक पूजा अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए गए। जीएलएस सोसायटी में रहने वाले शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि इस उत्सव में स्थानीय लोगों ने खुशी-खुशी हिस्सा लिया।

उन्होने बताया कि दुर्गा महोत्सव अनेकता में एकता का प्रतीक है। प्रेमभाव और भाईचारे को बढ़ाने का संदेश इस त्यौहार से मिलता है। श्रद्धालुओं ने बताया कि यहां पर चल रहे श्री दुर्गा महोत्सव में मां दुर्गा की आराधना करके एक स्थान पर खेत में बनाए गए जलस्त्रोत में मां दुर्गा के गगनभेदी उदघोषों के बीच मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन से पहले पंडाल में धर्म लाभ के साथ-साथ पर्यावरण बचाओ, पौधारोपण बढ़ाओ का संदेश दिया गया। इस मौके पर मां के भक्तों ने बोलते हुए विद्धान पंडित वेदप्रकाश शास्त्री ने कहा कि मां दुर्गा की तरफ से हमारा मुख्य संदेश यही है कि प्लास्टिक पॉलीथीन का प्रयोग ना किया जाए। मां दुर्गा के भजनों और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना पूरे भक्ति भाव से की गई। मां दुर्गा को पूरी, हलवा, खीर, बेशन, मेवा, घी, चीनी के मिश्रण के बने लड्डूओं से भोग लगाया गया। इस मौके पर मौजूद भक्तों ने बताया कि चाहे देश भर में इस त्यौहार को दीवाली की तरह मनाया जाता है लेकिन उन्होने अपनी सोसायटी में मां दुर्गा महोत्सव को बहुत ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया है। इसके साथ ही जीएलएस ग्रुप होम सोसायटी में विजयदशमी का त्यौहार रावण का पुतला दहन कर सामूहिक रूप से मनाया गया।

सोहना में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 23 व 24 को होगा : रोहित गर्ग प्रधान अग्रवालसभा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। शिवनगरी सोहना में महाराजा अग्रसेन जयंती प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 2 दिवसीय 23 व 24 अक्टूबर को बहुत ही हर्षोल्लास, उमंग और धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इतना ही नही महाराजा अग्रसेन भवन में 23 व 24 अक्टूबर को विशेष लाइटिंग कराई जाएगी ताकि भवन रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाता नजर आए। बुधवार को यहां पर उपरोक्त जानकारी देते हुए स्थानीय अग्रवालसभा के महासचिव रहे अनिल गोयल मोंटू, सभा के संरक्षक सेठ सुभाष बंसल, सेठ विजय अग्रवाल, सेवानिवृत अधिकारी प्रहलाद गुप्ता ने बताया कि यह निर्णय फौहारा चौक स्थित लाला मुरारीलाल अग्रवाल भवन सभागार में अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग की अध्यक्षता में हुई अग्रवाल की अंतरंग बैठक में सर्वसम्मतिपूर्वक निर्णय लेकर इस बार महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का प्रोजेक्ट चेयरमैन नगरपार्षद नीरज सिंगला को बनाया गया है। उन्होने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह इस बार

2 दिवसीय 23 व 24 अक्टूबर को आयोजित होगा। उन्होने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 23 अक्टूबर को सर्वप्रथम सुबह 9 बजे पलवल रोड़ स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन प्रतिमा के समक्ष ध्वजारोहण होगा तथा इसी दिन प्राचीन हनुमानबगीची में सर्वसमाज के बच्चों के लिए स्लो साइकिलिंग, चित्रकला प्रतियोगिता, जिगजैग बॉल प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित कराई जाएगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे शहर में पलवल रोड़ स्थित महाराजा अग्रसेन भवन सभागार में अग्रवाल समाज की छात्रा वर्ग में 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। तत्पश्चात शाम 4 बजे अग्रवाल समाज की महिलाओं के लिए इसी स्थान पर म्यूजिकल चेयर समेत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में शामिल होने वाली हर प्रतिभागी महिला को इनाम के साथ-साथ प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विजेताओं को उपहार दिए जाएंगे जबकि अगले दिन 24 अक्टूबर को शाम 5 बजे पुराने बसअडडा क्षेत्र में स्थित श्री सिंह गुरूद्वारा से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न बाजार मार्गों से होते हुए प्राचीन हनुमानबगीची मैदान में पहुंचेगी। अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने बताया कि इस मौके पर श्री सिंह गुरूद्वारा से प्रारंभ होने वाली भव्य शोभायात्रा समापन अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह में मुख्यातिथि रूप में हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल तथा विशिष्ठ अतिथि रूप में अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल और उद्योगपति रवि सिंघल मौजूद रहेंगे।

‘वोट बचाओ-देश बचाओ’ अभियान के लिए बनाए पर्यवेक्षक : कांग्रेस नेता महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने राज्य में ‘वोट बचाओ-देश बचाओ’ अभियान के लिए आईसीसी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति आज कर दी है। उन्होने बताया कि गुरूग्राम, झज्जर और रोहतक जिलों में अभियान की जिम्मेदारी कांग्रेस नेता रोहित चौधरी को सौंपी गई है तो दादरी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी और भिवानी शहरी क्षेत्रों की जिम्मेदारी कांग्रेस नेता राजेश लिलोटिया को और भिवानी ग्रामीण, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में अभियान निगरानी की जिम्मेदारी कांग्रेस नेता नदीम जावेद को सौंपी गई है। उन्होने

बताया कि कैथल, करनाल और कुरूक्षेत्र में यह जिम्मेदारी कांग्रेस नेता अनिल चौधरी को तो नूंह, पलवल, फरीदाबाद में इस अभियान की जिम्मेदारी कांग्रेस नेता कृष्ण तीर्थ और पानीपत, सोनीपत व जींद में होने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारी कांग्रेस नेत्री नीतू वर्मा को सौंपी गई है। उन्होने बताया कि अंबाला कैंट, अंबाला शहर, अंबाला ग्रामीण, यमुनानगर शहरी व ग्रामीण तथा पंचकूला की जिम्मेदारी के लिए नाम जल्द घोषित किए जाएंगे। इससे पूर्व यहां पर बुधवार को गांव घाटाअमीरपुर में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शुभम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप मौजूद रहे, जिन्होने उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है।

उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी त्यागियों, तपस्वियों, शहीदों, बलिदानियों की पार्टी रही है। देश की एकता और अखंडता के लिए भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और भारत रत्न राजीव गांधी ने अपना बलिदान दे दिया।

करवाचौथ पर सुहागिन महिलाएं सोलह श्रंगार कर करेगी पिया का दीदार

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। अपने चांद के दीदार के लिए विवाहित महिलाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। करवाचौथ सुहाग का पर्व 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। बाजारों में खरीददारी शुरू हो गई है। चारों तरफ त्यौहार की धूम दिखाई दे रही है। ग्राहकों को लुभाने के लिए कही दुकानों पर बंपर छूट तो कही पर स्पेशल ऑफर लगे हुए है। दुकानदारों का कहना है कि करवाचौथ के लिए स्पेशल और नए-नए डिजाइन वाली साड़ी और सूट की भरमार है। साड़ी, लहंगा और सूट पर शोरूम संचालक तथा दुकानदारों ने स्पेशल छूट दी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार महिलाओं की मांग के अनुसार नए-नए डिजाइन और लुभावने प्रिंट वाले सूट तथा साड़ी उपलब्ध है। कोलकाता की घरचोला और कश्मीर की कमलकारी महिलाओं को खासा आकर्षित कर रही है। कंट्रास्ट दुपटटा, शलारा, बनारसी, जयपुरी, काटन साड़ी-सूट भी महिलाओं को पसंद आ रहे है। इनकी कीमत 3 हजार रुपए से शुरू होकर 6 हजार रुपए तक की है जबकि साड़ी 15 हजार से लेकर 70 हजार रुपए तक की है। यहां पर गल्र्ज स्कूल के सामने वाली गली में कास्मेटिक्स कारोबारी देविन्द्र चौहान, मदन चौहान, हर्ष चौहान ने बताया कि करवाचौथ और अहोई अष्टमी व्रत को लेकर मेहंदी लगाने वालों के पास अग्रिम बुकिंग शुरू हो गई है। मेहंदी के बिना महिलाओं का श्रंगार अधूरा होता है। विवाहित महिलाएं मेहंदी में अपने पति का नाम लिखवाती है तो कुछ को आकर्षक पैटर्न की मेहंदी पसंद आती है। आम दिनों में मेहंदी लगाने वाले हथेली के 300 रुपए, कलाई से ऊपर तक 700 रुपए और कोहनी तक के 2 हजार रुपए तक लेते है। करवाचौथ का त्यौहार नजदीक आते ही मेहंदी के दाम बढ़ा दिए गए है।

शहीदों व क्रांतिकारियों की शहादत को सदैव याद रखेगा हिंदुस्तान : दिनेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने अमर शहीदों और क्रांतिकारियों की शहादत को नमन करते हुए कहा है कि वर्तमान में देश के लोग शांति, सुरक्षा और समृद्धि का जो आनंद खुली आजादी में ले रहे है, वह स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों, भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों के प्रयासों से संभव हुआ है। भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा बुधवार को गांव खेड़ला में आजाद हिंद फौज की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित शहीदों को नमन समारोह में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोल रहे थे। इससे पूर्व समारोह की शुरूआत अमर शहीदों की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की गई और शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके दिखाए रास्ते पर चलने का सामूहिक संकल्प भी वंदे मातरम व इंकलाब जिंदाबाद के उदघोषों के बीच लिया गया। भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने कहा कि धन्य है, वह माताएं, जिनकी कोख से ऐसे वीर क्रांतिकारियों ने जन्म लिया। उन्होने

देश की रक्षा में लगे पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश के नक्सल प्रभावित जिलों में जो जवान डयूटी पर तैनात है, वह अपनी जान हथेली पर रखकर बेहतरीन तरीके से काम कर रहे है। पूर्वोत्तर में डटे जवानों का शौर्य व बलिदान भी रंग ला रहा है। उन्ही के प्रयासों की बदौलत देश शांति स्थापना की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर ब्राहाण सभा के प्रधान हरीश शर्मा बोबी, सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, नगरपार्षद वेदकला शर्मा, पंडित लखमी चंद, ब्राहमणसभा के पूर्व प्रधान अनिल भारद्वाज कोकी समेत करीब विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

देश शहीदों का सदैव रहेगा ऋणी-शहीदों से ले प्रेरणा : समाजसेवी वीरेन्द्र यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर बुधवार को शहर के वार्ड-21 में मंगलनगर कॉलोनी के समीप पूर्वमंत्री राव धर्मपाल के फार्महाउस पर पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि रूप में बोलते हुए कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने शहीदों की शहादत को नमन करते हुए कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल

और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है। उन्होने कहा कि आजादी से पहले हम गोरे अंग्रेजों के गुलाम रहे और आज भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर दोबारा से लोगों को गुलाम बनाने पर तुली है। ऐसे में जरूरी है कि लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए लोग जागरूक बनकर सजग रहे और ‘वोट बचाओ-देश बचाओ’ अभियान में खुलकर अपनी सक्रियता दिखाते हुए मौजूदा भाजपा सरकार की फासीवादी नीतियों का अहिंसक तरीके से विरोध करे।

शहीद राष्ट्र की धरोहर-उनके जीवन से ले प्रेरणा : हरीश नंदा राजू

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर पंजाबी महासंघ के प्रधान व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बुधवार को शहर में दमदमा चौक के समीप स्थित भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि

सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े डाक्टर सतीश जुनेजा, बाली स्वीटस गु्रप निर्देशक मोहित खटटर, स्थानीय व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी, भाजपा नेता जगमेन्द्र खटाना लोहटकी, नंबरदार जीतू राघव एडवोकेट, पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, समाजसेवी गुलशन आहूजा के अलावा प्रमुख लोगों में रामकिशन गांधी, नवीन जुनेजा, विपिन मल्होत्रा, सन्नी पाहूजा, विनीत रतड़ा, युवा समाजसेवी मयंक नंदा, विक्की लटठ, तरूण लटठ, सुभाष धवन आदि प्रमुख लोग भी उनके साथ मौजूद रहे। उपस्थितों ने शहीदों को नमन व श्रद्धांजलि अर्पित कर समाज व राष्ट्रसेवा का संकल्प भी लिया है।

शहीदों का साहस और बलिदान है प्रेरणा स्त्रोत : एडीजीपी केके राव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में शहीद स्मारक पर एक वर्ष के अन्तराल में 4 अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस के शहीद जवानों की स्मृति में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर आरटीसी भौंड़सी में कार्यरत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केके राव मुख्यातिथि रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर शहीदों की शहादत नमन करते हुए एडीजीपी केके राव ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस केवल शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अवसर नही अपितु उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग एवं बलिदान से प्रेरणा लेने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि एक सितम्बर, 2024 से 31 अगस्त, 2026 तक कुल 154 वीर पुलिस एवं अर्धसैनिक बलो के जवानों ने देश में आन्तरिक सुरक्षा, शांति एवं नागरिकों की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है।

उन्होने बताया कि हरियाणा के 4 बहादुर पुलिस अधिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति नागरिकों के जीवन को बचाते हुए दी है। उन्होने बताया कि जिनमें चांदहट पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद जब अन्तरराष्ट्रीय शिल्प सूरजकुण्ड, फरीदाबाद मेले में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे, अचानक एक झूला टूट गया और लोगो के जीवन को संकट उत्पन्न हो गया। ऐसी विषम परिस्थिति में अपनी जान की परवाह किए बिना तत्काल बचाव कार्य में लग गए और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने लगे तभी झूले का हिस्सा टूट कर उन पर गिर गया और निरीक्षक जगदीश प्रसाद शहीद हो गए। दूसरी घटना कालका लुब्रिकेट कम्पनी मुजेसर में लगी भीषण आग में पीएसआई रवि कुमार ने अदम्य साहस का परिचय दिया और नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने लगे। तभी ज्वलनशील पदार्थों से भरे ड्रम में विस्फोट हुआ और पीएसआई रवि कुमार शहीद हो गए। उन्होने बताया कि गांव धनकोट के रहने वाले वीर सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह जब डायल-112 के माध्यम से मिली सूचना पर तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन को लेकर बीएसए कॉलेज आलमपुर फरीदाबाद के पीछे पहुंचे तो 30-35 लोग लाठी डंडो और तेजधार हथियारों से लैस होकर आपस में लड़ रहे थे। आरोपी पक्ष के कुछ लोग पुलिसकर्मियों के साथ भी हाथापाई करने लगे। तभी मुख्य आरोपी सददाम और आलम ने जान से मारने की नीयत से गुस्से में आकर अपनी कार से पुलिसकर्मियों पर हमला किया। इस गम्भीर परिस्थिति में सहायक सबइंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह साहसपूर्वक आरोपियों का सामना किया। आरोपियों ने उन्हें कार से टक्कर मारी और राजेन्द्र सिंह अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर शहीद हो गए। उन्होने बताया कि चौथी घटना 27 अप्रैल, 2026 को मलिकपुर हांसी के पास एक प्राइवेट बस में अचानक लगी आग से यात्रियों को अपनी सूझ-बूझ और धैर्य से बाहर निकालने में लगे गुप्तचर विभाग की ईकाई भिवानी के बहादुर सहायक सबइंस्पेक्टर सुनील कुमार शहीद हो गए।

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और एडीजीपी केके राव ने वीर शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुलिस टुकड़ी द्वारा शौक सलामी दी। इस मौके पर भौंड़सी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यरत पुलिस अधीक्षक पूजा डाबला, उपपुलिस अधीक्षक अमरजीत सिंह, उपपुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, उपपुलिस अधीक्षक गरिमा व उपपुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार, उपपुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर गूगन सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर सुरेन्‌द्र कुमार, पुलिस सबइंस्पेक्टर अब्दुल जब्बार, राजबीर, कृष्ण, प्रविन्द्र कुमार, अर्चना सहित प्रथम वाहिनी आईआरबी के पुलिस जवानों ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

ब्लडप्रेशर सामान्य होते ही दवा छोड़ने पर बढ़ सकता है हार्टअटैक का खतरा : डाक्टर प्रवीण यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर शहर में खेलस्टेडियम के सामने स्थित वरदान अस्पताल व ट्रामासेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि शुगर और ब्लडप्रेशर वाले व्यक्ति को शुगर व ब्लडप्रेशर सामान्य होने पर भी बिना चिकित्सक की सलाह के दवा बिल्कुल नही छोड़नी चाहिए क्योकि कई बार ब्लडप्रेशर सामान्य होने पर मरीज दवा लेना बंद कर देते है क्योकि उन्हे लगता है कि अब उनकी बीमारी ठीक हो गई है जबकि ब्लडप्रेशर सामान्य रहना कई बार दवा के असर का संकेत होता है और डाक्टर की सलाह के बिना अपनी मर्जी से दवा बंद करने पर ब्लडप्रेशर दोबारा बढ़ सकता है। जिससे हार्टअटैक, स्ट्रोक, हार्टफेलियर और किडनी की बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। बुधवार को वरदान अस्पताल व ट्रामासेंटर प्रांगण में आम जनमानस को जागरूक बनाने के लिए लगाए गए जागरूकता शिविर में मौजूदजनों के बीच बोलते हुए वरदान अस्पताल व ट्रामासेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि उनके अस्पताल में रोजाना 20 से 25 मरीज ओपीडी में दिल से संबंधित बीमारी को दिखाने के लिए आते है, जिसमें अधिकांश मरीज हाई बीपी और शुगर से पीड़ित होते है। उन्होने बताया कि कई बार मरीज दवा लेने में कोताही बरतते है, जो ठीक नही है। कुछ मरीज लापरवाही के कारण तो कुछ आर्थिक तंगी के चलते दवा छोड़ देते है तो कुछ मरीज जान-बूझकर बीपी सामान्य होने पर दवा बंद कर देते है तो काफी मरीज ऐसे है, जो नियमित रूप से डाक्टर पर अपना फालोअप नही कराते। ऐसी लापरवाही ठीक नही है क्योकि जान से ज्यादा बढक़र कुछ नही है। वरदान अस्पताल व ट्रामासेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि अब कम उम्र के लोगों में भी हाई बीपी की समस्या देखने को मिल रही है। जिसका प्रमुख कारण शारीरिक गतिविधियों में कमी, जंकफूड, अधिक नमक का सेवन, मोटापा, मानसिक तनाव और नींद की कमी इसके प्रमुख कारणों में शामिल है। लम्बे समय तक एक ही स्थान पर बैठे रहना भी जोखिम बढ़ा सकता है। कम उम्र में बीपी बढऩे पर किडऩी की बीमारी और हारमोन संबंधी समस्याओं की नियमित जांच जरूर कराए।

शहीदों के परिवारों को अपने ही परिवार का अंग समझे : चौधरी दयाराम लोहिया

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर बुधवार को स्थानीय मार्किटकमेटी कार्यालय में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मार्किटकमेटी उपचेयरमैन व पूर्व नगरपार्षद अशोक बंसल की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया मौजूद रहे।

मार्किटकमेटी मैंबर व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है। उन्होने कहा कि आज लोकतंत्र की आड़ में भाजपा विरोधी दल और उनके नेता देश में अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे है। हम सभी को ऐसी राष्ट्र विरोधी ताकतों से सचेत रहते हुए उनके नापाक मंसूबों को किसी भी कीमत पर हर्गिज पूरा नही होने देना है और सदैव राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखना है।

आजादहिंद स्थापना दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया जाए : इनेलो नेता रोहताश खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर बुधवार को शहर में इनेलो कार्यालय पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए शहीदों को नमन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक संजू खटाना ने बताया कि इस मौके पर मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया है कि आजाद हिंद सरकार के स्थापना दिवस को केन्द्र सरकार राष्ट्रीय दिवस घोषित करे। उन्होने बताया कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिंद सरकार की स्थापना 21 अक्टूबर, 1943 को सिंगापुर में की गई। यह भारत के इतिहास की बहुत बड़ी और विशेष घटना रही। इसलिए जरूरी है कि स्कूल से लेकर कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर तक दी जा रही शिक्षा में इसके बारे में पाठयक्रम शामिल किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी नेता जी सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी जीवन से प्रेरणा ले। उन्होने कहा कि वर्ष-1943 में आज ही के दिन सिंगापुर में आजाद हिंद सरकार का गठन किया गया। नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने अपने साथियों के साथ मिलकर देश की आजादी की लड़ाई लड़ते वक्त जो सपने देखे थे, वह आज भी अधूरे है। आजादी के साथ ही नेता जी सुभाष चंद्र बोस हमारे से बिछुड़ गए लेकिन उनके सपने जीवित है। केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह नेता जी सुभाष चंद्र बोस के सपनों को साकार करे। इस मौके पर इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने कहा कि क्रांतिकारियों और शहीदों का दिया गया बलिदान देश सदैव याद रखेगा। उनकी यादें और देश को आजाद कराने में उनके द्वारा किए गए राष्ट्र हितकारी कार्य हमेशा जिंदा रहेंगे। उन्होने कहा कि पूरे विश्व में आज भी भारतीय सेना से श्रेष्ठ किसी देश की सेना नही है। हमारे सैनिकों की वीरता समूचे विश्व के लिए एक मिसाल है। पूरा विश्व भारतीय सेना के पराक्रम का लोहा मानता है। हम यदि चैन की नींद सो रहे है और खुली हवा में सांस ले रहे है तो उन फौजी भाईयों की बदौलत, जो दिन-रात सीमा पर रहकर देश को दुश्मनों से सुरक्षित बचाए हुए है।

एकादशी पर श्रद्धालुओं ने की भगवान विष्णु की पूजा : पंडित भगवतदयाल शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने एकादशी का व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की।

इस मौके पर बोलते हुए विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा ने बताया कि एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होती है। हर महीने में दो बार एकादशी आती है और हर एकादशी का महत्व अलग होता है। एकादशी देवी का जन्म भगवान श्री हरि विष्णु से हुआ था। यहां पर वार्ड-5 में रहने वाले विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा ने बताया कि एकादशी व्रत भगवान श्री हरि विष्णु को प्रसन्न रखने के लिए रखा जाता है। इस दिन व्रत रखने से मन निर्मल और शरीर स्वस्थ होता है। इस व्रत को करने से जीवन में सुख-शांति आती है। व्रत के प्रभाव से भगवान श्री हरि विष्णु के परम धाम का वास प्राप्त होता है। संतान प्राप्ति तथा निरोगी रहने के लिए भी इस व्रत को किया जाता है। विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा का कहना है कि एकादशी के दिन ब्रहमबेला में भगवान विष्णु का पुष्प, जल, धूप, दीप, अक्षत से पूजन करना चाहिए। इस व्रत में केवल फलों का ही भोग लगाया जाता है। इस दिन दान करने से कई लाख गुणा फल की वृद्धि प्राप्त होती है। एकादशी पर धूप, दीप, नैवेद्य आदि 16 सामग्री से भगवान विष्णु का पूजन तथा रात में दीपदान करना चाहिए। विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा ने बताया कि बुधवार की सुबह 6 बजकर 59 मिनट से पंचक की शुरूआत हो गई है। पंचक की समाप्ति रविवार, 25 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 21 मिनट पर होगी। उन्होने बताया कि बुधवार से शुरू होने के कारण इस पंचक को सामान्य पंचक व दोष रहित माना गया है लेकिन फिर भी पंचकों में छत डलवाने, दक्षिण दिशा में यात्रा करने, नया पलंग या चारपाई बनवाने, खरीदने, लकड़ी या ईंधन इकटठा करने आदि से बचना चाहिए और किसी की मौत पर अंतिम संस्कार विधिविधान के तहत करना चाहिए।

शिवनगरी स्थित अनाजमंडी में 65 फुट ऊंचे रावण का हुआ उड़ते हुए तीर से वध

शिवनगरी में श्रीराम ने हवा में उड़ते तीर से किया रावण का वध

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर श्री शानदार रामलीला क्लब की तरफ से विजयदशमी पर्व पर बाजार में सुंदर अति सुंदर, मनमोहक व शिक्षाप्रद आकर्षक झांकियां निकाली गई। इस मौके पर प्रभु श्रीराम के हवा में उड़ते हुए तीर से रावण वध का दृश्य दर्शकों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रहा। इस बार रामलीला मैदान में 65 फुट ऊंचा रावण का पुतला दहन देखने के लिए आसपास गांवों के साथ-साथ दूरदराज से भी बड़ी तादाद में लोग उमड़ आए। भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी तो अनाजमंडी रामलीला मैदान में विजयदशमी के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में मुख्यातिथि रूप में पहुंचे स्थानीय विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण, हनुमान का तिलक कर आरती उतारी और आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं के बीच बोलते हुए विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने कहा कि विजयदशमी का यह त्यौहार हमें क्रोध, अहंकार को त्यागने, सच्चाई, ईमानदारी के रास्ते पर चलने की सीख देता है। श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रामलीला मैदान में जब रावण के पुतले का दहन किया गया तो लोगों ने जय श्रीराम के उदघोष लगाने शुरू कर दिए।

पुतला दहन पर मुख्यातिथि रूप में मौजूद स्थानीय विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर के अलावा हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल, सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी, सोहना नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र सिंह बागड़ी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रजनीश अग्रवाल एडवोकेट, किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान सेठ रविन्द्र गोयल रब्बन, भाजपा नेता व सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया, भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता नरेन्द्र अधाना, लोहा व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े श्याम मंगला, लायंसक्लब सोहना सिटी के अध्यक्ष लायन आशीष गर्ग, बर्तन विक्रेता व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े युवा समाजसेवी और लायंसक्लब सोहना सिटी में मैंबरशिप चेयरपर्सन गौरव सिंगला, शिक्षाविद पवन वर्मा, किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान प्रदीप गर्ग, हरिओम सिंगला, भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष व ग्रामपंचायत सराय के पूर्व सरपंच चौधरी समयपाल भड़ाना, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, सीएम विंडो में एमिनेंट पर्सन मुकेश सैनी, भाजपा विधायक के निजी सचिव कर्मबीर अंबावता, धीरू नागर, शिक्षा समिति उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल, पूर्व नगरपार्षद रोहताश जैन, भाजपा नेता रामकिशन राघव, सांस्कृतिक मंच मानव संसाधन के उपाध्यक्ष दीपक गर्ग होंडा, भाजपा नेता महेन्द्र सिंह डागर, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सौरभ सिंगला व कई नगरपार्षदों के अलावा श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े तमाम कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ-साथ रंगमंच कलाकार विशेष रूप से मौजूद रहे।

शहीदों के परिवारों को अपने ही परिवार का अंग समझे : चेयरमैन सुभाष बंसल

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को शहर के वार्ड-पांच स्थित मातृभूमि परिसर में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक हर्ष गुप्ता एडवोकेट व निखिल बंसल ने बताया कि सेवानिवृत अधिकारी प्रहलाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक हर्ष गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है।

विद्यार्थी शहीदों-क्रांतिकारियों के जीवन से ले प्रेरणा : शिक्षाविद नरेश सैनी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को शहर में बाल भारती विद्यामंदिर विद्यालय प्रांगण में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक पंडित अनिल शर्मा ने बताया कि मुख्य अध्यापिका की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिला मीडिया प्रभारी व मनोनीत नगरपार्षद नरेश सैनी मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिला मीडिया प्रभारी व मनोनीत नगरपार्षद नरेश सैनी एडवोकेट ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है। इस मौके पर सोहना पत्रकार संघ के अध्यक्ष उमेश गुप्ता समेत विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

शहीदों के परिवारों को अपने ही परिवार का अंग समझे : दीपक डागर अलीपुरिया

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को गांव अलीपुर में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अलीपुर ग्रामपंचायत सरपंच पूनम डागर की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया मौजूद रहे। समाजसेवी चौधरी नगेन्द्र डागर कादीपुरिया ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है।

देश शहीदों का सदैव रहेगा ऋणी-शहीदों से ले प्रेरणा : समाजसेवी सुरज्ञान सिंह

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को नयागांव में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गांव रिठौज के रहने वाले युवा भाजपा नेता सागर खटाना की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल के अध्यक्ष और नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है।

विद्यार्थी शहीदों-क्रांतिकारियों के जीवन से ले प्रेरणा : शिक्षाविद कपिल लोहिया



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को शहर में पुराने बसअडडा के समीप स्थित एशियन पब्लिक स्कूल प्रांगण में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका प्रियंका भटेजा ने बताया कि विद्यालय निर्देशिका शैली लोहिया की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष व शिक्षाप्रेमी कपिल लोहिया मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष व शिक्षाप्रेमी कपिल लोहिया ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है।

किसानों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि-शहादत को किया नमन : चौधरी विजय डागर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को गांव रायपुर में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इनेलो युवा के हलका अध्यक्ष सन्नी डागर व यतिन डागर ने बताया कि अशोक जांगडा की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में इनेलो नेता व क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है।

एकादशी पर श्रद्धालुओं ने की भगवान विष्णु की पूजा : आचार्य लोकेश भारद्वाज

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने एकादशी का व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर बोलते हुए विद्वान पंडित आचार्य लोकेश भारद्वाज ने बताया कि एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होती है। हर महीने में दो बार एकादशी आती है और हर एकादशी का महत्व अलग होता है। एकादशी देवी का जन्म भगवान श्री हरि विष्णु से हुआ था। विद्वान पंडित आचार्य लोकेश भारद्वाज का कहना है कि एकादशी व्रत भगवान श्री हरि विष्णु को प्रसन्न रखने के लिए रखा जाता है। इस दिन व्रत रखने से मन निर्मल और शरीर स्वस्थ होता है। इस व्रत को करने से जीवन में सुख-शांति आती है। व्रत के प्रभाव से भगवान श्री हरि विष्णु के परम धाम का वास प्राप्त होता है। संतान प्राप्ति तथा निरोगी रहने के लिए भी इस व्रत को किया जाता है। विद्वान पंडित आचार्य लोकेश भारद्वाज का कहना है कि एकादशी के दिन ब्रहमबेला में भगवान विष्णु का पुष्प, जल, धूप, दीप, अक्षत से पूजन करना चाहिए। इस व्रत में केवल फलों का ही भोग लगाया जाता है। इस दिन दान करने से कई लाख गुणा फल की वृद्धि प्राप्त होती है। एकादशी पर धूप, दीप, नैवेद्य आदि 16 सामग्री से भगवान विष्णु का पूजन तथा रात में दीपदान करना चाहिए।

शहीदों की बदौलत ले रहे खुली हवा में सांस : चौधरी धर्मबीर डागर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को गांव भौंड़सी में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इंजीनियर रोकी डागर ने बताया कि भारत रक्षा मंच के प्रांतमंत्री और भाजपा जिला कार्यकारिणी मैंबर रामकिशन राघव की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है। इस मौके पर युवा समाजसेवी सुनील कुमार अलीपुरिया, रोकी इंजीनियर, भूपेन्द्र डागर, शहीद कुमरपाल सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रधानाचार्य रहे श्याम राघव, जिलापरिषद सदस्या श्रीमती पुष्पा खटाना समेत विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

शहीदों के परिवारों को अपने ही परिवार का अंग समझे : समाजसेवी सुरेन्द्र यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को शहर में दमदमा रोड़ स्थित जीएलएस गु्रप होम सोसायटी परिसर में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। युवा समाजसेवी मनीष यादव की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में जीएलएस गु्रप होम सोसायटी निर्देशक सुरेन्द्र यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए जीएलएस गु्रप होम सोसायटी निर्देशक सुरेन्द्र यादव ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है।

सजग जवानों की बदौलत ही देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित : शिक्षाविद नरेन्द्र यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद के वार्ड-सात के तहत लगने वाले गांव लाखुवास स्थित एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में बुधवार को पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती सुनीता यादव के अनुसार इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेन्द्र यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेन्द्र यादव ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है।

विद्यार्थी शहीदों-क्रांतिकारियों के जीवन से ले प्रेरणा : शिक्षाविद मनोज कुमार राघव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बुधवार को गांव घामडोज स्थित विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रांगण में पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच शहीदों की शहादत को नमन करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव ने कहा कि शहीद किसी जाति, कौम, मजहब विशेष के नही बल्कि सबके सांझा और देश की धरोहर होते है। उन्होने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, वह देश की आन-बान-शान की खातिर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। आज भी देश की सीमाओं पर सजग सीमा सुरक्षा बल और देश के भीतर पुलिस के सुरक्षा कवच के भीतर हम सुरक्षित वातावरण में आजादीपूर्वक जी रहे है।

भौंड़सी ब्रहर्षि गीतानंद आश्रम में 25 को होगा हवन व विशाल भंडारा : जयानंद महाराज

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित स्वामी गीतानंद आश्रम में बाबा गीतानंद के पौत्र शिष्य स्वामी जयानंद महाराज ने बताया कि शरद पूर्णिमा उत्सव और सतगुरू देव ब्रहमचारी बाबा और सुखानंद महाराज की स्मृति में 25 अक्टूबर को मंदिर प्रांगण में प्रात: समय हवन कर अखंड हवन पूर्णाहूति डाली जाएगी। तत्पश्चात विशाल भंडारा चलेगा। स्वामी जयानंद महाराज ने बताया कि शरद पूर्णिमा उत्सव और सतगुरू देव ब्रहमचारी बाबा और सुखानंद महाराज की स्मृति में गांव भौंड़सी स्थित स्वामी गीतानंद आश्रम में प्रति वर्ष धार्मिक आयोजन व भंडारा होता है। उन्होने बताया कि 24 अक्टूबर की रात्रि में भजन संध्या और सत्संग का आयोजन आश्रम प्रांगण में होगा। अगले दिन 25 अक्टूबर को प्रात: समय हवन और 11 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

सोहना में स्क्रैप गोदाम से चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल समेत एक आरोपी गिरफ्तार

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश यादव ने बताया कि शहर के वार्ड-चौदह मोहल्ला कायस्थवाड़ा में बर्तन कारोबारी संजय सिंगला पुत्र स्वर्गीय रतनलाल सिंगला के स्क्रैप गोदाम से रात के वक्त तांबा-पीतल से भरे करीब 4 लाख की कीमत वाले बोरों को मोटरसाइकिल पर लादकर चोरी करने वाले मामले में सोहना सीआईए पुलिस ने यहां पहाड़ी पर बने टूरिस्ट काम्पलेक्स के समीप चोरी में प्रयुक्त की गई मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया है। आरोपी की पहचान रितेश कुमार निवासी सोहना के रूप में हुई है। पुलिस पकड़ में आए आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर चोरी किए गए माल की बरामदगी का प्रयास कर रही है। उन्होने बताया कि आरोपी ने चालू वर्ष के चालू महीने में ग्यारह-बारह अक्टूबर की रात स्क्रैप गोदाम से तांबा व पीतल से भरे बोरे मोटरसाइकिल पर लादकर रात के वक्त चोरी करने की बात कबूली है। पुलिस जल्द ही आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया माल बरामद करेगी।

महाकाल पालकी यात्रा की शाही सवारी ने मचाई धूम : संदीप सिंगला कालू

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। शिवनगरी सोहना में उज्जैन से चौथी बार आई महाकाल बाबा के स्वरूप में सजी पालकी के साथ स्थानीय बाजारों में महाकाल की शाही सवारी विजयदशमी पर्व यानी दशहरा के त्यौहार पर निकाली गई। इससे पूर्व स्थानीय प्राचीन गर्मचश्मा श्री शिवकुंड मंदिर प्रांगण में बाबा महाकाल की पालकी के समक्ष विशेष पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात महाकाल की इस शाही सवारी को ऐतिहासिक, धार्मिक तीर्थस्थल श्रीशिवकुंड से भाजपा विधायक पहलवान मुकेश शर्मा और सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर तथा हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशउपाध्यक्ष व निगमपार्षद नारायण भड़ाना और भाजपा नेता व नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने जय महाकाल के गूंज रहे उदघोषों के बीच धर्म पताका लहराकर रवाना किया। इस मौके पर महाकाल परिवार सोहना से जुड़े बाबा महाकाल के परम भक्त व कपड़ा कारोबारी व युवा अग्रवाल नेता संदीप सिंगला कालू, श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े सन्नी पाहूजा, समाजसेवी राकेश अग्रवाल,

संदीप सिंगला, अरूण मित्तल, कन्हैया गर्ग, सौरभ सिंगला, आयुष सिंगला, विशाल गर्ग, तरपेश गोयल, रोहित संदूजा, रवि सिंगला, प्रदीप गर्ग, मनीष गर्ग, रोहित गर्ग, शुभम सिंगला आकाश गर्ग, दीपक गर्ग, सुमित अग्रवाल, गौरव सिंगला, अभिमन्यु पाहूजा आदि प्रमुखजनों के अलावा बाबा महाकाल के हजारों भक्त और युवा व मातृशक्ति विशेष रूप से मौजूद रही। महाकाल बाबा की पालकी को भक्तजन कंधों पर लेकर महाकाल के गुंजायमान उदघोषों के बीच हलवाईवाड़ा, पुरानी सब्जीमंडी, शहीद भक्त सिंह फौहारा चौक, नगरपरिषद कार्यालय, मोतीप्लाजा, लेबर चौक, बसअडडा होते हुए सैनी भवन धर्मशाला पहुंची। महाकाल पालकी यात्रा और शाही सवारी के दौरान जगह-जगह अघोरी नृत्य को देखने और बाबा महाकाल पालकी के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ आया। बाबा महाकाल के परम भक्त व कपड़ा कारोबारी व युवा अग्रवाल नेता संदीप सिंगला कालू ने बताया कि इस बार महाकाल की सवारी में विशेष रूप से कोलकाता से 11 काली माता, हिसार से शैतान ग्रुप, विश्वनाथ काशी से अघोरियों का दल तथा गुजरात के सूरत से विशेष आमंत्रण पर हैरतअंगेज कारनामों के लिए विख्यात राहुल चौरसिया दर्शकों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रहे। इस शाही सवारी को देखने के लिए हुजूम उमड़ पड़ा। पुलिस प्रशासन को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। बार-बार शाही सवारी में महाकाल के लग रहे उदघोषों से पूरी शिवनगरी सोहना भक्तिमय हो गई। इस मौके पर अघोरी की झांकी दर्शकों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रही। पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन, किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान बालकिशन गोयल व जितेन्द्र मित्तल, सरदार गुरूबचन सिंह, नगरपरिषद प्रमुख प्रीति बागड़ी, भाजपा नेता व नगरपालिकापरिषद के पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र सिंह बागड़ी, श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर और श्री अग्रवालसभा तथा गांव बालूदा स्थित बाबा खाटूश्याम परिवार संघ से जुड़े तमाम कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ-साथ आमंत्रितों समेत सर्वजातीय समाज के लोगों ने पालकी यात्रा में बढ़-चढक़र सहभागिता निभाई। महाकाल परिवार सोहना से जुड़े भाजपा नेता व नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर उमेश अग्रवाल, बाबा महाकाल के परम भक्त व कपड़ा कारोबारी व युवा अग्रवाल नेता संदीप सिंगला कालू, सन्नी पाहूजा, हर्ष गुप्ता एडवोकेट आदि बाबा महाकाल के भक्तों ने बताया कि इस शाही सवारी को देखने के लिए शहरी क्षेत्र के साथ-साथ आसपास लगते गांवों के अलावा विशेष आमंत्रण पर दूरदराज स्थानों और कई राज्यों से बाबा महाकाल के परम भक्त सपरिवार आते है और महाकाल की सवारी यात्रा के दौरान इतना हुजूम जनसैलाब उमड़ता है कि पुलिस प्रशासन को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ जाती है।

खेलों में हिस्सा लेने से बढ़ता है प्रेम-प्यार और भाईचारा : फिल्म अभिनेता राजबब्बर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। फिल्मी दुनिया में तहलका मचाने वाले फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद राजबब्बर ने क्रिकेट को युवाओं का सबसे पसंदीदा खेल बतलाते हुए कहा है कि खेलों में हिस्सा लेने पर ना केवल शरार हष्ट-पुष्ट रहता है बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम-प्यार, सौहार्द को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ खिलाडियों के दिलों-दिमाग में अनुशासन की भावना भी जागृत होती है। उक्त विचार उन्होने यहां पर सोहना हलका के गांव शिकारपुर में सरपंच क्रिकेट अकादमी पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर पर खेलप्रेमियों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर सोहना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता शाहीन शम्स की अगुवाई में आयोजित की गई इस क्रिकेट प्रतियोगिता में करीब 95 क्रिकेट टीमें हिस्सा ले रही है। युवा कांग्रेस नेता शाहीन शम्स ने बताया कि

क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर फिल्मी दुनिया में तहलका मचाने वाले फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद राजबब्बर के साथ-साथ सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे डाक्टर शमसुदीन, गुरूग्राम कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष वर्धन यादव, कांग्रेस गुरूग्राम के शहरी जिलाध्यक्ष पंकज डावर, कांग्रेस नेता राहुल राव, कासिम खान शिकारपुर, सहसोला गांव के सरपंच चौधरी शहजाद, अब्दुल जब्बार, अरशद पढैनी व जकरिया आदि प्रमुख लोगों समेत क्रिकेट प्रेमी खासी तादाद में मौजूद रहे। युवा कांग्रेस नेता शाहीन शम्स ने बताया कि मौजूद क्रिकेट प्रेमियों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए फिल्मी दुनिया में तहलका मचाने वाले फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद राजबब्बर ने अपने संबोधन में कहा कि मेवात क्षेत्र में जुनून और प्रतिभाओं की कोई कमी नही है लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के साथ-साथ खेलों समेत हर क्षेत्र में मेवात क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होने यहां के लोगों की मेहमाननवाजी और मेहनत की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के लोग मेहनती है। मिटटी में सोना पैदा करते है और यहां के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नही है। असलम सिंगर इस बात का जीता-जागता प्रमाण है। उन्होने कहा कि मेवात में पर्याप्त खेल सुविधाएं और खिलाडिय़ों को प्रोत्साहन मिले तथा खिलाडिय़ों को सही दिशा और निखारने का मौका मिले तो मेवात क्षेत्र के खिलाड़ी हरियाणा और देश तो क्या विदेशों में भी मेवात के नाम का डंका बजाकर देश का नाम गौरान्वित करने का काम करेंगे।

फिल्मी दुनिया में तहलका मचाने वाले फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद राजबब्बर ने क्रिकेट के जबरदस्त शौकीन युवा कांगे्रस नेता शाहीन शम्स की खुले कंठ से भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वह क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने में कोई कसर नही छोड़ रहे है और युवाओं को खेलों से जोडक़र नशे से दूर रखने व छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे है, जो युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत और समूचे क्षेत्र के लिए गर्व भरी बात है।

सोहना के गांव गढ़ीमुरली में चली गोलियां-घर के बाहर की गई फायरिंग

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लाक के आदर्श गांव गढ़ीमुरली में एक महिला की चिता के पास बैठे अनजान युवकों को वहां से हटने के लिए कहना एक परिवार को उस वक्त भारी पड़ गया, जब टोकाटाकी से नाराज युवकों ने पहले तो शमशानघाट में ही उनसे मारपीट की और बाद में आरोपी अपने साथियों के साथ गाड़ी में सवार होकर उनके घर पहुंच गए तथा फायरिंग करने लगे।

अंधाधुंध की गई आधा दर्जन राउंड फायरिंग से 2 गोलियां घर की खिडक़ी और शीशे में लगी जबकि परिजन गोलियों की जद में आने से बाल-बाल बच गए। गोली चलने वाली वारदात से पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया है। पुलिस ने बताया कि गांव गढ़ीमुरली के रहने वाले रामअवतार का गांव में ही कार धुलाई केन्द्र है। उसके परिवार में दूर के रिश्ते की भाभी का निधन हो गया था। जिसका वह गांव के ही शमशानघाट में अंतिम संस्कार कर घर आ गए और कुछ देर बाद रामअवतार जब कुछ रस्मे पूरी करने दोबारा शमशानघाट पहुंचे तो देखा कि चिता के पास 2 अनजान युवक बैठे है।

जिस पर उन्होने उन अनजान युवकों को वहां से जाने को कहा तो टोकाटाकी से नाराज युवकों ने शमशानघाट में ही रामअवतार और उनके परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह मामला शांत होने पर वह घर लौट आए। आरोप है कि शाम करीब 7 बजे 4 युवक एक कार में सवार होकर रामअवतार के घर के बाहर पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जिससे परिवार के साथ-साथ मोहल्ले और गांव में दहशत फैल गई। वारदात के बाद कार सवार युवक भागने में कामयाब रहे है। गोली चलने की जानकारी पाकर पुलिस टीम के साथ-साथ सीन ऑफ क्राईम टीम, फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच में जुटी है। पुलिस ने मौके से चलाई गई गोलियों के 2 खाली खोल बरामद किए है और आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

सोहना में दशहरा पर 55 फुट ऊंचा रावण और लटठमार होली रही दर्शकों के आकर्षण का विशेष केंद्र

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर खेलस्टेडियम मैदान में दशहरा पर्व पर 55 फुट ऊंचा रावण और ब्रज भूमि मथुरा, वृंदावन से विशेष आमंत्रण पर आई रंगमंच कलाकारों की 51 सदस्यीय टोली द्वारा प्रस्तुत की गई लटठमार होली दर्शकों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रही। गौरतलब यह है कि उपरोक्त सभी आयोजन श्री शिव रामलीला कमेटी की तरफ से किए गए। इस मौके पर इतना भारी जन सैलाब उमड़ा कि आयोजकों को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पुलिसकर्मी भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मेहनत करते रहे। श्री शिव रामलीला कमेटी के प्रधान बहाल खटाना, महासचिव देविन्द्र अग्रवाल, हरीश गर्ग अड़बरिया ने संयुक्त रूप से बताया कि क्षेत्र के लोगों को दशहरा पर्व पर मथुरा, वृंदावन की ल_मार होली का मनमोहक नजारा देखने को मिला है। इससे पहले श्रीराम-रावण संग्राम हुआ। रावण वध के बाद ठीक साढ़े 7 बजे रावण का अंतिम संस्कार किया गया। फिर ल_मार होली, फूलों की होली का आयोजन हुआ, जिसमें श्रीराधा-कृष्ण ने मौजूद दर्शकों के साथ जमकर होली खेली। मथुरा, वृंदावन से विशेष आमंत्रण पर आए कलाकारों ने कई हैरत भरे कारनामे दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया। जिनमें कलाकार के ऊपर कलाकार खड़ा होने के बाद गैस पर चाय बनाना, श्री राधा-कृष्ण द्वारा दीपक नृत्य करना दर्शकों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रहा। इस मौके पर नंबरदार बहाल सिंह खटाना, सेठ विजय अग्रवाल, चेयरमैन सुभाष बंसल, भाजपा नेता व पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, युवा ब्राहमण नेता महेश शर्मा, हरीश गर्ग अड़बरिया, भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष गौरव चुघ, मोहन सिंह सैनी, बीर सिंह पोसवाल, प्रहलाद गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता व ओथ कमिश्नर संदीप अग्रवाल एडवोकेट, प्रशांत बच्चस पप्पू, मनीष गर्ग अड़बरिया, सोनू गर्ग, दिनेश गर्ग, देविन्द्र तायल, चंदप्रकाश गर्ग, लक्ष्मणदास गर्ग, मुकेश सिंगला, अरूण गोयल, पवन मित्तल, संजय गहलोत, योगेश सैनी, अशोक जैन, राजेन्द्र गैस वाले, केशवदेव जिंदल, हरीश गर्ग, जितेश सिंगला, जयप्रकाश गर्ग, श्यामलाल बघेल, अजय बघेल, विजय सैनी, मास्टर चंदप्रकाश छोक्कर, प्रवीण कुमार, वीरेन्द्र चौहान, जितेन्द्र सोनी, शिवम राघव बाली, हेमंत आर्य आदि प्रमुख लोगों के अलावा रंगमंच संस्था श्री शिव रामलीला कमेटी से जुड़े रंगमंच कलाकार और तमाम पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

नशे के खिलाफ बलराम सहजावास युवाओं को बना रहे जागरूक : संजय आर्य

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना आर्यसमाज के मंत्री संजय आर्य नूनेहरा ने बताया कि यहां पर खंड के आदर्श गांव सहजावास में रहने वाले युवा समाजसेवी बलराम कुमार द्वारा चलाई जा रही संस्था गुरुकुल युवा एकता इंडिया फाउंडेशन जोकि पिछले 8 साल से गुरुग्राम में जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं की सेवाओं में दिन-रात लगी हुई है।

इस संस्था के माध्यम से हजारों जिंदगियों को त्यार किया जा रहा है। जिसके शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियां कपड़े, खाना, सिलाई, कंप्यूटर, किताबे जरूरत की हर चीज देकर इनका उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है, जिसमें बलराम कुमार और उनकी टीम

राज्य सरकार के साथ मिलकर नशे के ऊपर काम कर रही है और इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने एक और शाखा का शुभारंभ किया है, जिसमें प्रोफेसर हंसराज यादव, आर्यसमाज सोहना के अध्यक्ष महेश आर्य, सोहना आर्यसमाज के विद्वान शास्त्री सीताराम आर्य, मंत्री संजय आर्य, एडवोकेट मुकेश गर्ग, राजपूत महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष जतनबीर राघव, गांव सहजावास में रहने वाले भाजपा नेता मनोज खटाना, भाजपा नेता सतेन्द्र राघव, अनमोल गुप्ता, समाजसेवी ललित भड़ाना, दीपक भड़ाना नयागांव और सोहना पत्रकार संघ के अध्यक्ष उमेश गुप्ता, एडवोकेट हर्ष गुप्ता एवं महिलाओं की कीर्तन टीम और गुरुकुल का समस्त परिवार मौजूद रहा।

जिला स्तरीय मेगा जॉब फेयर 26 को राजकीय महिला महाविद्यालय में होगा : डाक्टर रतनपाल खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने बताया कि युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के उददेश्य से 26 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर-चौदह, गुरुग्राम में जिला स्तरीय मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के दौरान 600 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), पॉलिटेक्निक संस्थानों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

गांव दौहला में किसानों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक : रामकिशन राघव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी में रहने वाले भारत रक्षामंच के प्रांतमंत्री रामकिशन राघव ने बताया कि सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव दौहला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से सुशांत विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ के लीगल एड क्लिनिक द्वारा 'किसान सशक्तिकरण एवं चेतना अभियान' आयोजित किया गया। अभियान के तहत किसानों और ग्रामीणों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान, वायु प्रदूषण, मिट्टी की उर्वरता और भूजल संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। भारत रक्षामंच के प्रांतमंत्री रामकिशन राघव ने बताया कि इस मौके पर बोलते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव निशा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए किसानों और ग्रामीण समुदाय की भागीदारी महत्वपूर्ण है। पराली जलाने के बजाय पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाकर वायु प्रदूषण कम करने और मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जुडक़र जन-जागरूकता गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। भारत रक्षामंच के प्रांतमंत्री रामकिशन राघव ने बताया कि अभियान के दौरान स्कूल ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से संवाद कर पराली जलाने से वायु की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर पडऩे वाले प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, भूजल संरक्षण और पर्यावरण के अनुकूल खेती के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में सुशांत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. राकेश रंजन, प्रो-वाइस चांसलर एवं रजिस्ट्रार डॉ. संजीव शर्मा सहित स्कूल ऑफ लॉ के विद्यार्थी और लीगल एड क्लिनिक के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. दीपक मिगलानी और डॉ. मीनाक्षी दहिया ने किया।